

दैनिक

सीहोर जिले का प्रथम दैनिक

K K

RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-22 अंक-35 | सीहोर, शनिवार 22 मार्च 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## हाईकोर्ट के जज के घर आग से खुला बड़ा राज

### कैश से भरा मिला कमरा; CJI ने तुरंत लिया सख्त फैसला



नई दिल्ली(आरएनएस)। दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के सरकारी आवास पर लगी आग के बाद भारी मात्रा में नकदी बरामद होने से न्यायपालिका में हड़कंप मच गया। यह मामला इतना गंभीर हो गया कि सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना के नेतृत्व वाले कॉलेजियम को उन्हें तत्काल स्थानांतरित करने का फैसला लेना पड़ा।रिपोर्ट के मुताबिक जब आग लगी, उस समय न्यायमूर्ति वर्मा शहर से बाहर थे। उनके परिवार के सदस्यों ने फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी। दमकल कर्मियों ने आग बुझाने के दौरान एक कमरे में भारी मात्रा में नकदी बरामद की, जिसके बाद इस मामले की आधिकारिक एंट्री दर्ज की गई। स्थानीय पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया, जिसके बाद यह खबर सरकार के उच्च अधिकारियों तक पहुंची और अंततः सीजेआई को जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही सीजेआई संजीव खन्ना ने तुरंत सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की बैठक बुलाई। कॉलेजियम ने सर्वसम्मति से न्यायमूर्ति वर्मा को दिल्ली हाईकोर्ट से उनके मूल हाईकोर्ट, इलाहाबाद स्थानांतरित करने का निर्णय लिया। न्यायमूर्ति वर्मा को अक्टूबर 2021 में इलाहाबाद से दिल्ली हाईकोर्ट में भेजा गया था।कॉलेजियम के कुछ सदस्यों ने इस घटनाक्रम पर चिंता जताते हुए कहा कि यदि केवल स्थानांतरण कर दिया जाता है, तो इससे न्यायपालिका की छवि धूमिल होगी और न्याय व्यवस्था से जनता का विश्वास कमजोर हो सकता है। कुछ सदस्यों ने सुझाव दिया कि न्यायमूर्ति वर्मा से इस्तीफा मांगा जाना चाहिए। यदि वे इनकार करते हैं, तो संसद के माध्यम से उन्हें हटाने की प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए। संविधान के अनुसार, किसी भी हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के खिलाफ भ्रष्टाचार, अनियमितता या कदाचार के आरोपों की जांच के लिए 1999 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा इन-हाउस प्रक्रिया तैयार की गई थी। इस प्रक्रिया के तहत, CJI पहले संबंधित न्यायाधीश से स्पष्टीकरण मांगते हैं। यदि जवाब संतोषजनक नहीं होता या मामले में गहन जांच की जरूरत महसूस होती है, तो CJI सुप्रीम कोर्ट के एक न्यायाधीश और दो उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों की एक इन-हाउस जांच समिति गठित कर सकते हैं।

## हमारा जीवन वनों से ही संभव है : सीएम डॉ. यादव



भोपाल(निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारा जीवन वनों से ही संभव है। प्रदेश की वन भूमि जैव विविधता और हरियाली से परिपूर्ण है। वन, शुद्ध हवा के लिए पृथ्वी के फेफड़ों के समान है। प्रदेश की भूमि असंख्य वन्य जीवों का आश्रय स्थल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को 'विश्व वानिकी दिवस' पर वनों के संरक्षण की प्रतिबद्धता दोहराते हुए प्रदेशवासियों से वनों के संरक्षण और उनके संवर्धन का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे रोपने का संकल्प लेने का भी प्रदेशवासियों से आव्हान किया।

## कर्नाटक विधानसभा से बीजेपी के 18 विधायक 6 महीने के लिए निलंबित

### -हनीट्रैप विवाद और अल्पसंख्यक कोटा को लेकर कर रहे थे हंगामा



बेंगलुरु,(ए.)। कर्नाटक विधानसभा में हनीट्रैप विवाद और हंगामे के बाद 18 बीजेपी विधायकों को 6 महीने के लिए निलंबित कर दिया गया। कर्नाटक के कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री एचके पाटिल ने विधानसभा में यह प्रस्ताव रखा, जिसे बहुमत से पास कर दिया गया। बीजेपी विधायकों ने हनीट्रैप मामले और अल्पसंख्यकों को 4 फसीदी कोटा के मुद्दे पर सदन में जोरदार हंगामा किया। इस बीच कुछ भाजपा विधायक कागज फाड़ते और उछालते हुए सभापति की कुर्सी को घेरते दिखे, जिससे सदन की कार्यवाही बाधित हुई। इसके बाद सरकार ने 18 बीजेपी विधायकों के निलंबन का प्रस्ताव रखा, जिसे सदन ने मंजूरी दे दी।


**क्या है हनीट्रैप विवाद ?**

कर्नाटक की राजनीति में इन दिनों हनीट्रैप विवाद सुर्खियों में है। इस मामले में कई नेताओं के नाम सामने आ रहे हैं, जिससे सियासी बवाल मच गया है। बीजेपी इस मुद्दे पर सरकार को घेर रही थी, लेकिन विधानसभा में हंगामे के बाद सरकार ने विधायकों के खिलाफ कार्रवाई की।

**बीजेपी ने सरकार पर साधा निशाना**

बीजेपी ने कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए इस निलंबन को तानाशाही करार दिया। बीजेपी नेताओं ने कहा कि विपक्ष की आवाज दबाने के लिए यह कदम उठाया गया है। वहीं, कांग्रेस का कहना है कि सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने के लिए यह कार्रवाई जरूरी थी। इस निलंबन के बाद कर्नाटक में बीजेपी और कांग्रेस के बीच सियासी घमासान तेज हो गया है। बीजेपी ने इसे लोकतंत्र के खिलाफ बताया, जबकि कांग्रेस ने इसे अनुशासनहीनता के खिलाफ उठाया गया कदम बता रही है।

## विधायक ने बेटे पर दर्ज मामला उठाया तो जवाब देते-देते रो पड़े राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल





भोपाल(ए.)। शुक्रवार को राज्य विधानसभा में विधायक अभय मिश्रा ने अपने बेटे विभूति नारायण मिश्रा के खिलाफ दर्ज प्रकरण का मामला उठाया। उन्होनें प्रश्नकाल के दौरान अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए पूछा कि प्रकरण दर्ज करने और खात्मका लगाने वाला क्या एक ही व्यक्ति था। इस जवाब दे रहे राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल रो पड़े। बता दें कि बीते साल मंत्री पटेल के बेटे के खिलाफ भी एक मामला भोपाल में दर्ज हुआ था।

सेमरिया से कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा ने प्रश्नकाल के दौरान अपने और बेटे पर दर्ज केस को लेकर कहा कि उनका चुनाव लड़ना अपराध हो गया है। थाना चोरहटा में उनके और उनके बेटे विभूति नारायण मिश्रा के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रभारी उपनिरीक्षक और फिर बाद में निरीक्षक अवनीश पांडेय द्वारा केस दर्ज करने के बाद खात्मा लगा दिया गया।इसके जवाब में मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कहा कि अभय मिश्रा के मामले में दोनों ही अधिकारी एक नहीं थे। रिपोर्ट करने वाले हीरामणि पटेल थे, जांच करने वाले राजेश तिवारी थे। मंत्री ने कहा- यह सच है कि थाना प्रभारी एक है। मंत्री ने कहा कि वह सहमत हैं कि भोपाल से अधिकारी भेजकर उच्च स्तरीय जांच करा ली जाए। दोषी पाए जाने पर कार्रवाई करेंगे।

**थाना प्रभारी निलंबित, जांच होगी**

मंत्री पटेल ने कहा कि किसी तरह का अन्याय नहीं होने देंगे। पुलिस का मनोबल बना रहे, इसलिए उन्हें जिले से हटाकर जांच कर लेते हैं। मंत्री ने घोषणा की कि थाना प्रभारी को निलंबित करेंगे और जांच कराएंगे।इस बीच विधायक अजय सिंह ने कहा कि अगर पहले ऐसी कार्रवाई हो जाती तो मऊगंज जैसी घटना नहीं होती। इस पर जमकर शोर-शराबा हुआ। इसके बाद नेता प्रतिरोध प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि विधायक नारायण सिंह पट्टा के साथ भी ऐसे ही घटना हो चुकी है। जो अच्छा करे उसे सजा नहीं मिलनी चाहिए, लेकिन जो गलत करे उसे सजा मिलनी चाहिए।

## पति-पत्नी को छोड़कर खून के रिश्ते में होगा साझी जमीन का बंटवारा, हरियाणा ने नया कानून किया लागू

चंडीगढ़ (आरएनएस)। हरियाणा सरकार ने विधानसभा में भू-राजस्व (संशोधन) विधेयक पारित कर दिया गया। जिसके अनुसार अब पति-पत्नी को





छोड़कर साझे खाते की जमीन का बंटवारा खून के रिश्तों में भी होगा। साझा भूमि के विवाद को लेकर सहायक कलेक्टर एवं तहसीलदार की अदालतों में एक लाख से अधिक केस चल रहे हैं। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल ने दावा किया कि नए कानून से प्रदेश के 14 से 15 लाख किसानों को राहत मिलेगी। ऐसे में उन सभी मामलों में, जहां कोई रक्त संबंधी सह-स्वामित्वकर्ता संयुक्त भूमि पर हिस्सेदारी की मांग करता है, को राहत के लिए नियमों में नई धारा जोड़ी गई है। पति-पत्नी को छोड़कर यह धारा सभी पर लागू होगी, चाहे साझी भूमि के मालिक खून के रिश्ते में ही क्यों न हों। अधिनियम की धारा 114 के अनुसार राजस्व अधिकारी सुनिश्चित करेंगे कि कोई अन्य सह-स्वामी अपनी हिस्सेदारी की जमीन का बंटवारा करना चाहते हैं या नहीं।

## लाल की जगह गुलाबी रिबन देख भड़क गए एमएलए साहब, पहले जड़ा थप्पड़; फिर सिर पर दे मारा केले का पौधा

नई दिल्ली (आरएनएस)। असम से एक हैरान करने वाला वीडियो सामने आया है, जिसमें ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के विधायक समसुल हुदा एक व्यक्ति को पीटते हुए नजर आ रहे हैं। यह घटना धुबरी जिले के पूर्वी बिलासीपारा विधानसभा क्षेत्र में एक पुल के शिलान्यास समारोह के दौरान हुई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, विधायक समसुल हुदा को पुल के शिलान्यास के लिए रिबन काटने के लिए आमंत्रित किया गया था। समारोह स्थल पर दो केले के पौधों के बीच गुलाबी रंग का रिबन बांधा गया था। लेकिन विधायक इस बात पर गुस्सा हो गए कि शिलान्यास के लिए लाल रंग का रिबन क्यों नहीं लगाया गया था। वायरल हो रहा यह वीडियो मंगलवार (18 मार्च) का बताया जा रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि गुस्से में भरे विधायक समसुल हुदा पास में खड़े एक व्यक्ति का कॉलर पकड़ते हैं, फिर उसे थप्पड़ मारते हैं और इसके बाद समारोह के लिए लगाए गए केले के दोनों पौधों को उखाड़कर उससे पीटना शुरू कर देते हैं।

## सौरभ हत्याकांड के बाद एक और सनसनीखेज वारदात, बेडरूम में मिला पत्नी का शव; एक ही कमरे में थे पति और बीएफ



झांसी (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मेरठ के सौरभ हत्याकांड के बाद झांसी में एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जहां एक पूर्व मंत्री के भाई की बहू की लाश उनके बेडरूम में मिली है। पुलिस ने इस मामले में महिला के पति और उसके कथित प्रेमी को हिरासत में ले लिया है। यह घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के लक्ष्मी गेट बाहर मोहल्ले में हुई। यहां पूर्व मंत्री रतनलाल अहिरवार के भाई तुलसीदास के बेटे रविंद्र अहिरवार अपनी 36 वर्षीय पत्नी संगीता और तीन बच्चों के साथ रहते थे।

पुलिस के अनुसार, उन्हें किराएदार से सूचना मिली कि घर के अंदर कुछ गड़बड़ है। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो बेडरूम का दरवाजा अंदर से बंद था। दरवाजा तोड़ने पर अंदर बेड पर संगीता का शव पड़ा मिला, जबकि उसके बगल में उसका कथित प्रेमी रोहित वाल्मीकि सोया हुआ था। संगीता का पति रविंद्र कमरे में ही एक सोफे पर पड़ा था। पुलिस ने तत्काल दोनों को हिरासत में ले लिया।

पुलिस ने बताया कि संगीता के चेहरे, गर्दन और शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि गुरुवार रात को संगीता, उसके पति रविंद्र और रोहित वाल्मीकि ने बेडरूम में शराब पार्टी की थी। इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद हुआ और संगीता की हत्या कर दी गई।

मृतका की बड़ी बेटी एंजल (12 वर्ष) ने पुलिस को बताया कि गुरुवार रात करीब 9 बजे रोहित वाल्मीकि शराब लेकर घर आया था। उसकी मां संगीता, रोहित और पिता रविंद्र बेडरूम में चले गए और दरवाजा अंदर से बंद कर लिया।

## अधिकारियों से 10 प्रतिशत कमीशन मांग रहे मंत्री, आतिशी का दिल्ली सरकार पर आरोप

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) की विधायक आतिशी ने शुक्रवार को भाजपा नेता और पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के मंत्री अधिकारियों से 10 प्रतिशत कमीशन मांग रहे हैं और जब अधिकारी इसका विरोध कर रहे हैं, तो उन्हें धमकाया और निलंबित किया जा रहा है।


आतिशी ने कहा, आज (शुक्रवार) सुबह से भाजपा के मंत्री प्रवेश वर्मा दिल्ली सरकार के अधिकारियों को गालियां दे रहे हैं और उन पर गलत आरोप लगा रहे हैं। वह कह रहे हैं कि अधिकारी काम नहीं कर रहे हैं, लेकिन यही अधिकारी पिछले 10 साल से दिल्ली में शानदार काम कर रहे थे।

## भरतपुर में हैवानियत : नाबालिग से दुष्कर्म की कोशिश, विरोध करने पर भाई को मारी गोली

भरतपुर(आरएनएस)। जिले के सेवर थाना इलाके में इंसानियत को शर्मसार करने वाली वारदात सामने आई है। पड़ोसी युवकों ने पहले नाबालिग से दुष्कर्म की कोशिश की और जब उसका भाई विरोध करने पहुंचा, तो उसे गोली मार दी। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई।

दोपहर 3 बजे नाबालिग लड़की शौच के लिए जंगल गई थी। तभी पड़ोस में रहने वाले कुछ युवकों ने उसे दबोच लिया और दुष्कर्म करने की कोशिश करने लगे। लड़की ने विरोध किया और ज़ोर से चिल्लाने लगी।

## तिरुमाला मंदिर में केवल हिंदुओं को ही काम पर रखा जाएः चंद्रबाबू नायडू



अमरावती (ए.)। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने आज एक अहम बयान में कहा कि तिरुमाला मंदिर में केवल हिंदुओं को ही काम पर रखा जाना चाहिए, अगर दूसरे धर्मों के लोग वहां काम कर रहे हैं, तो उनकी भावनाओं को ठेस पहुंचाए बिना उन्हें दूसरे स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम इस उद्देश्य के लिए सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को पत्र भेजेंगे। दरअसल मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू वहां पहुंचे हुए थे। उन्होंने कहा कि भगवान वेंकटेश्वर की संपत्ति की सुरक्षा के लिए एक पवित्र धागा बांधा गया है। उन्होंने कहा कि विदेशों में बसे हिंदू भी चाहते हैं कि वहां भगवान वेंकटेश्वर के मंदिर बनाए जाएं। इसलिए दुनिया भर में जहां भी हिंदू समुदाय की बड़ी संख्या है वहां वेंकटेश्वर मंदिर स्थापित किए जाएंगे।

### तीसरी आंख





## ओबीसी आरक्षण खत्म करने किसी भी हद तक जा सकती है भाजपा : पूर्व सीएम कमलनाथ

भोपाल (ए.)। मप्र में ओबीसी आरक्षण को लेकर सियासत गरमाई हुई है। एमपी हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को ओबीसी आरक्षण मामले में स्पष्ट तौर पर 13 फीसदी पद खाली रखने के निर्देश दिये हैं। कोर्ट ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने तक सरकार बाकी 87 फीसदी पदों पर ही भर्ती हो। वहीं इसे लेकर पूर्व सीएम कमलनाथ ने भाजपा सरकार ने निशाना साधा है। पूर्व मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि ओबीसी आरक्षण पर मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार का ओबीसी विरोधी चेहरा एक बार फिर सामने आया है। भाजपा के षड्यंत्र के कारण हाई कोर्ट को ओबीसी के लिए आरक्षित 27 प्रतिशत पदों में से 13 प्रतिशत पदों को होल्ड पर रखने का निर्णय करना पड़ा है। कमलनाथ ने आगे लिखा कि जरा गौर से देखिए कि किस तरह से भाजपा ने षड्यंत्र रचकर हाईकोर्ट के सामने ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न कीं कि



ओबीसी के 13 प्रतिशत पद होल्ड कर दिए जाएं। 4 दिसंबर 2024 को हाईकोर्ट ने प्रदेश सरकार से पूछा था कि 27 प्रतिशत ओबीसी कोटे के साथ सभी पद क्यों नहीं भरे जा रहे। 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण का अपना क़ानून सरकार क्यों लागू नहीं कर रही है। यह वही क़ानून था जो 2019 में मेरी सरकार ने बनाया था। भाजपा सरकार ने हाई कोर्ट के इस फैसले पर तुरंत अमल करने के बजाए बहुत सी याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट भेजने की चाल चली। ओबीसी के होल्ड पदों पर भर्ती क्यों नहीं हो रही

कमलनाथ ने आगे लिखा कि इसी तरह 17 मार्च 2025 को हाईकोर्ट ने भाजपा सरकार से फिर पूछा कि वह ओबीसी के होल्ड पदों पर भर्ती क्यों नहीं कर रही है? लेकिन भाजपा सरकार ने होल्ड पदों पर भर्ती करने के बजाय स्वयं हाईकोर्ट को अपनी तरह तरफ से अंडरटेकिंग दी कि 13त्न पदों को होल्ड रखा जाए। सरकार के इस षड्यंत्र के बाद ही हाईकोर्ट ने ओबीसी के 13 प्रतिशत पद होल्ड करने का निर्णय 20 मार्च 2025 को सुनाया।भाजपा किसी भी हद तक गिर सकती हैपूर्व सीएम ने लिखा कि प्रदेश का ओबीसी वर्ग अब अच्छी तरह से समझ गया है कि कांग्रेस की सरकार ने 2019 में जो 27 प्रतिशत आरक्षण दिया था, उसे खत्म करने के लिए भाजपा किसी भी हद तक गिर सकती है। अब समय आ गया है कि अन्य पिछड़ा वर्ग को उसका हक दिलाने के लिए कानूनी लड़ाई के साथ ही विधानसभा, संसद और सडक हर जगह संघर्ष छेड़ना पड़ेगा।

## बीएसएफ इंटेलिजेंस ब्रांच की सूचना पर 15 करोड़ रुपये की हेरोइन बरामद

बीकानेर (आरएनएस)। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की इंटेलिजेंस ब्रांच की ओर से मिली सूचना के आधार पर बीकानेर सेक्टर में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। इस ऑपरेशन में 12 केएनडी ग्राम स्थित चक्र 3 केएनएम क्षेत्र से तीन किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 15 करोड़ रुपये आंकी गई है।बीएसएफ की इंटेलिजेंस शाखा को इस इलाके में नशीले पदार्थों की तस्करी की गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी। इसके बाद, डीआईजी इंटेलिजेंस जोधपुर, विदुर भारद्वाज के मार्गदर्शन में महेश चंद जाट, इंस्पेक्टर ताराचंद यादव, इंस्पेक्टर अजय कुमार पांडे, और दीपक कुमार की टीम ने एक विशेष सर्च ऑपरेशन चलाया।

## मुख्तार अंसारी का विधायक बेटा अब्बास 2 साल 8 महीने बाद जेल से रिहा, सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

नई दिल्ली (आरएनएस)। माफिया डॉन मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे अब्बास अंसारी शुक्रवार को 2 साल 8 महीने का समय जेल में बिताने



के बाद रिहा हो गए। उन्हें सात मार्च को सुप्रीम कोर्ट से कई शर्तों के साथ जमानत मिली थी, जिसके बाद कोर्ट का आदेश करीब 15 दिनों बाद कासगंज जेल पहुंचा और उनकी रिहाई संभव हो सकी।

अब्बास अंसारी की रिहाई उनके परिवार के लिए ईद से पहले एक बड़ी खुशी लेकर आई है। रमजान के पवित्र महीने में जुमे के दिन उनकी रिहाई को उनके समर्थक ईश्वर की कृपा मान रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अब्बास अंसारी को लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास में रहने का निर्देश दिया है। इसके अलावा, उन्हें अपने निर्वाचन क्षेत्र मऊ का दौरा करने से पहले संबंधित अधिकारियों से अनुमति लेनी होगी। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया है कि वह बिना अनुमति के उत्तर प्रदेश नहीं छोड़ सकेंगे और अदालतों में पेश होने से एक दिन पहले पुलिस अधिकारियों को इसकी जानकारी देनी होगी।



# नया ओ.एस. स्वीकृत होते ही भर्ती की प्रक्रिया शुरू करें : ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

## बिजली के क्षेत्र में मध्यप्रदेश को नम्बर एक राज्य बनाना है

भोपाल (ए.)। बिजली के क्षेत्र में मध्यप्रदेश को नम्बर एक राज्य बनाना है। इसके लिये टीम भावना के साथ कार्य करें। बिजली कंपनियों की नवीन संगठनात्मक संरचना (ओ.एस.) स्वीकृत होते ही भर्ती की प्रक्रिया शुरू करें। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह निर्देश गुरूवार को मंत्रालय में विभागीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान दिये।

**सभी कंपनियों की नीति एक जैसी हो**

मंत्री श्री तोमर ने कहा कि आउटसोर्स कर्मचारी रखने की नीति सभी कंपनियों की एक समान होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की एक टीम बनायें, जो यह देखे कि कंपनियों में क्या समस्यायें हैं। साथ ही उनके निराकरण के लिए एक समान नीति बनाये।

**लाइन लासेस कम करें**

मंत्री श्री तोमर ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित मापदण्डों के आधार पर लाइन लॉसेस कम करें। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में बिजली बिलों की बसूली कम होती है, वहाँ वसूली बढ़ाने के लिये कार्य योजना बनायें। उपभोक्ता संतुष्टि को प्राथमिकता दें।

**लोक अदालतों में कराये प्रकरणों का निराकरण**

मंत्री श्री तोमर ने कहा कि लोक अदालतों के माध्यम से लंबित प्रकरणों का निराकरण करायें। इससे कंपनी की आय में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि बिलिंग के सिस्टम में समानता होनी चाहिए। अवैध कनेक्शन को मीटरीकृत कर वैध करें। इससे बिलों की वसूली हो सकेगी।



ऊर्जा मंत्री ने कहा कि अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों में तत्परता से कार्यवाही करें। शासन के निर्देशों के अनुरूप नीति बनायें, जिससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हों। उन्होंने कहा कि अच्छे कार्य करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत करें।

**जनसंवाद करें**

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि जन संवाद को गंभीरता से लें। यह कंपनी और उपभोक्ता दोनों के लिये लाभकारी है। वर्ष 2021 से अभी तक 17 लाख 20 हजार से अधिक बिजली उपभोक्ताओं से संवाद हो चुका है। उन्होंने कहा कि विभाग की परिसंपत्तियों को सूचीवद्ध करवाकर उन्हें सुरक्षित करें। आवश्यकतानुसार फेंसिंग अथवा वाउण्ड्रीबाल बनवायें। बैठक में अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मण्डलोई ने विभागीय योजनाओं की उपलब्धियों की जानकारी दी। बैठक में एम.डी. पूर्व क्षेत्र कंपनी अनय द्विवेदी, एम.डी. मध्य क्षेत्र कंपनी क्षितिज सिंघल और एम.डी. पश्चिम क्षेत्र कंपनी अनूप सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### प्रदेश में स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के जमीनी सत्यापन की प्रक्रिया जारी

भोपाल (आरएनएस) स्वच्छता एक संकल्प है, जिसे मध्यप्रदेश में एक जन आंदोलन बनाया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छता संकल्प को प्रदेश ने आत्मसात किया है। स्वच्छता आंदोलन के परिणाम दिखाई देने लगे हैं। देश और प्रदेश में हर वर्ष की तरह दुनिया की सबसे बडी स्वच्छता प्रतियोगिता स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 जारी है। स्वच्छ सर्वेक्षण में प्रदेश के शहर बहुत गंभीरता के साथ अपनी भागीदारी कर रहे हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण के दौरान केन्द्र सरकार की सर्वेक्षण टीमें शहरों में स्वच्छता व्यवस्थाओं का जायजा लेती हैं। इसमें स्वच्छता की आधारभूत तैयारियों का परीक्षण, खुले में शौच से मुक्ति और मल-जल का निस्तारण (ओडीएफ++ और वॉटर+) कचरा मुक्त शहरों के लिए स्टार रेटिंग (1,3 5 व 7 स्टार रेटिंग) सहित कुल तीन परीक्षण किए जाते हैं। अभी प्रदेश में आधारभूत तैयारियों का परीक्षण जारी है, जिसमें 269 शहरों में परीक्षण पूर्ण हो चुका है, शेष शहरों के परीक्षण के लिये टीमें पहुँच रही हैं। मध्यप्रदेश के नगरीय निकाय वर्ष भर शहरी स्वच्छता को सँवारने में जुटे रहते हैं। प्रदेश में नियमित कचरा संग्रहण, परिवहन और निपटान के लिए प्रभावी तंत्र विकसित किया गया है। इससे शहरों की स्वच्छता सुनिश्चित की जा रही है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवरोज पर्व की दीं शुभकामनाएं

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नवरोज के पावन त्योहार पर देश के समस्त पारसी भाई-बहनों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कामना की है कि नवरोज का त्योहार सभी नागरिकों के जीवन में खुशियां, उल्लास और नई ऊर्जा लाए। नवरोज का अर्थ नया दिन है, यह पारसी समुदाय के लिए नए साल की शुरूआत है।

### महापौर एवं विधायक सबनानी ने महारानी अवंती बाई को श्रद्धांजलि अर्पित की

भोपाल(आरएनएस)। महापौर मालती राय एवं विधायक भगवानदास सबनानी ने वीरांगना महारानी अवंती बाई लोधी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जोन अध्यक्ष आरती अनेजा सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित थे।महापौर मालती राय एवं विधायक भगवानदास सबनानी ने गुरूवार को वीरांगना महारानी अवंती बाई लोधी के बलिदान दिवस पर माता मंदिर के निकट अवंतीबाई प्रतिमा के समक्ष श्रद्धांजलि अर्पित की।

### महापौर ने किया शीतल पेयजल मशीनों का लोकार्पण

भोपाल (आरएनएस)। महापौर मालती राय ने हमीदिया हास्पिटल परिसर स्थित श्री रोग मुक्तेश्वर शिव, माता, हनुमान मंदिर में शीतल पेयजल मशीनों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मनीष श्रीवास्तव, मंदिर समिति के पदाधिकारी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। महापौर मालती राय ने गुरूवार को हमीदिया हास्पिटल परिसर स्थित श्री रोग मुक्तेश्वर शिव माता हनुमान मंदिर के द्वितीय वार्षिकोत्सव के अवसर पर शीतल पेयजल मशीनों का विधिवत पूजा अर्चना कर लोकार्पण किया।

### भेल श्रमिकों ने मनाया लोकतंत्र सम्मान दिवस

भोपाल (आरएनएस)। कांग्रेस समर्थित कर्मचारी संगठन सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) ने गुरुवार को लोकतंत्र सम्मान दिवस मनाया। इस मौके पर भेल के श्रमिकों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और जमकर नारेबाजी की। सीटू भेल के महासचिव दीपक गुप्ता ने बताया कि चार साल पहले मध्य प्रदेश की चुनी हुई सरकार को छल पूर्वक गिराया गया था। इसलिए यह दिवस मनाया जा रहा है।

## मैरिज गार्डन में चल रही बर्थडे पार्टी में डांस के दौरान महिला का नैकलेस चोरी



भोपाल(आरएनएस)। खजूरी सड़क स्थित एवर ग्रीन मैरिज गार्डन में आयोजित बर्थडे पार्टी में शामिल होने आई एक महिला का नैकलेस चोरी हो गया। घटना करीब चार महीने पुरानी है, जिसमें अब जाकर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। घटना उस समय हुई जब महिला अपने परिचितों के साथ पार्टी में डीजे पर डांस कर रही थी। थाना पुलिस के अनुसार गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित इंद्र विहार कॉलोनी में रहने वाली अंजु करसाली पति धर्मदास करसाली (52) ने लिखित शिकायत करते हुए बताया की वह हॉउस वाइफ है। उनके पति धर्मदास एमपीईबी में नौकरी करते हैं। उनकी बेटी हर्षिता करसाली महाराष्ट्र के जलगांव में रहती है। बीते दिनो बेटी हर्षिता माता-पिता के पास आई हुई थी। 8 नवंबर, 2024 को अंजु अपने परिवार सहित खजूरी सड़क स्थित एवर ग्रीन मैरिज गार्डन में आयोजित एक रिश्तेदार की बर्थडे पार्टी में शामिल होने गई थी।

पार्टी में डीजे पर अन्य लोगो के साथ बेटी हर्षिता करसाली डांस कर रही थी, इसी दौरान हर्षिता के गले से नैकलेस चोरी हो गया। परिवार वाले शिकायत करने पहले गांधी नगर फिर खजूरी सड़क थाना पुलिस के पास पहुंचे थे। लेकिन, सीमा विवाद को लेकर थाना पुलिस जांच में टाल मटोल करती रही। परेशान पीड़ित परिवार ने अफसरों से कई बार शिकायत की। जिसके बाद अब जाकर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। अभी भी पुलिस चोरी गए नैकलेस की कीमत नहीं बता पा रही है। जॉच में जुटी टीम कार्यक्रम में आने-जाने वाले लोगों के संबंध में सीसीटीवी कैमरे की मदद से जानकारी जुटा रही है।

## दोस्त की मौत से सदमे में आये युवक ने जहर खाकर की खुदकुशी



भोपाल (ए.)। पुराने शहर के छोला थानाइ इलाके में स्थित शंकर नगर में रहने वाले एक युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस का कहना है, की फिलहाल मौके से कोई सुसाइड नोट या अन्य सुराग नहीं मिलने आत्महत्या का सही कारण सामने नहीं आ सका है। लेकिन परिजनो ने पुलिस को बताया है कि मृतक युवक बीते दिनो हुई अपने दोस्त की मौत के बाद से काफी तनाव में था। थाना पुलिस के अनुसार संयुक्त् परिवार के साथ रहने वाला चैन सिंह (21) पुत्र अशोक सिंह हम्माली का काम करता था। चैन सिंह ने चार भाइयों में सबसे छोटा था, चार साल पहले अपनी पंसद से नंदनी रावत से शादी की थी। दोनों की तीन साल की बेटी भी है। गुरुवार रात उसने घर में जहरीला पदार्थ खा लिया। तबीयत खराब होने पर परिजन उसे फौरन ही इलाज के लिये अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां कुछ देर चले इलाज के बाद उसने दम तोड़ दिया।

अस्पताल से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिजनो को सौंप दिया है। मृतक के परिवार वालो ने शुरुआत में पुलिस को बताया है कि 20 दिन पहले चैन सिंह के करीबी दोस्त ने भी सुसाइड कर लिया था, उसकी अचानक मौत के बाद से चैन सिंह मानसिक रूप से काफी परेशान रहने लगा था। वह अधिकतर अकेला और चुपचाप रहने लगा था, चैन ने अपने दूसरे दोस्तो के साथ ही परिवार वालो से भी बातचीत करना लगभग खत्म सा कर दिया था, और काफी कम बात करता था। फिलहाल पुलिस आगे की जांच कर रही है।

## प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री कंषाना ने चंबल के रेत माफिया को पेट माफिया बताया, कांग्रेस हुई हमलावर



भोपाल (ए.)। प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना का एक बयान सरकार के लिए मुसीबत बन गया है। दअरसल मुरैना जिले में रेत माफिया द्वारा वन विभाग की टीम पर हमला करने के मामले में विधानसभा में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि वहां रेत माफिया नहीं, पेट माफिया है। पेट भरने के लिए लोग अपना काम कर रहे हैं। वहां कोई रेत माफिया नहीं है। मंत्री के इस बयान के बाद कांग्रेस विधायकों ने सरकार को जमकर घेरा और कहा कि यह तो एक मंत्री की बात है। पूरी सरकार माफिया को संरक्षण दे रही है।

**पूरी सरकार माफिया का संरक्षण कर रही है**

कांग्रेस विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा ने मंत्री एदल सिंह कंषाना के बयान पर कहा कि ये तो एक मंत्री की बात है। पूरी सरकार माफिया का संरक्षण कर रही है। जो भी अवैध काम प्रदेश में हो रहे हैं उनको सरकार संरक्षण दे रही है। सरकार इन माफियाओं को पेट माफिया बताकर उनका संरक्षण कर रही है। वहीं कांग्रेस विधायक बाला बच्चन ने कहा कि ये सब सरकार के संरक्षण में हो रहा है। अगर ऐसा नहीं होता तो माफिया और गुंडों की इतनी हिम्मत नहीं होती। इसलिए सरकार को इसे रोकना चाहिए। मुख्यमंत्री जी के पास ही गृह विभाग है, इसलिए उनको ध्यान देना चाहिए।

## चार माह पहले शादी करने वाली महिला डॉक्टर की बिस्तर में मिली लाश, हत्या या आत्महत्या ?



भोपाल (ए.)। चार महीने पहले शादी करने वाली एक महिला डॉक्टर की संदिग्ध परिस्थितियों में ससुराल में मौत हो गई है। महिला डॉक्टर के हाथ में इंजेक्शन का निशान मिला है। इससे पुलिस यह मानकर चल रही है कि जहर के इंजेक्शन से मौत हुई है। लेकिन यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि महिला डॉक्टर ने जहर का इंजेक्शन लगाकर खुदकुशी की है या उसे किसी ने जहर का इंजेक्शन देकर हत्या की है। पुलिस हत्या और आत्महत्या दोनों बिंदुओं पर जांच कर रही है। मृतका के मायके वालों को भी सूचना दे दी गई है। फिलहाल पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। मामले की तफ्तीश में पुलिस उसके पति से पूछताछ कर रही है।

शाहपुरा पुलिस के अनुसार डॉ. ऋचा पाण्डेय पति डॉ. अभिजीत पाण्डेय शाहपुरा थाना क्षेत्र के एक कवर्ड कॉलोनी में रहती थी। अभिजीत मूलतः सतना का रहने वाला है और चार माह पहले ही उसकी शादी ऋचा के साथ हुई थी। अभिजीत डेंटल सर्जन है और एमपी नगर में क्लीनिक चलाता है।

### कांग्रेस विधायकों को विकास कार्यों के लिए नहीं मिल रहा बजट, PCC चीफ जीतू पटवारी ने सीएम को लिखा पत्र

भोपाल (ए.)। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस विधायकों को विकास कार्यों के लिया पैसा नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार कांग्रेस विधायकों के साथ पक्षपात कर रही है। बीजेपी विधायकों को 15-15 करोड़ रुपए दिए गए हैं। लेकिन कांग्रेस विधायकों को 15 करोड़ की विकास निधि नहीं दी जा रही है। बीजेपी विधायक के क्षेत्र में भी विकास के दिए जा रहे फंड में भ्रष्टाचार हो रहा है।

## डॉक्टर के सूने मकान से लायसेंसी बंदूक, 30 जिंदा कारतूस, नगदी चोरी

भोपाल(ए.)। राजधानी के हबीबगंज थाना इलाके में स्थित पॉश अरेरा कॉलोनी में दिनदहाड़े चोरों ने डॉक्टर के सूने मकान का ताला चटका कर कीमती माल उड़ा दिया। पुलिस के अनुसार अरेरा कॉलोनी स्थित ई-4 में रहने वाले डॉ राजीव सक्सेना पिता प्रकाश चंद्र सक्सेना (72) ने लिखित शिकायत करते हुए बताया की वह सेवानिवृत्ति के बाद वो गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित डीआईजी बंगले में क्लीनिक चलाते हैं। उनकी पत्नी और बेटा भी डॉक्टर है। बेटा डॉक्टर शैवाल सक्सेना जेपी अस्पताल में तैनात हैं, इन दिनो उनकी पत्नि और बेटा एक सेमिनार में भाग लेने के लिये शहर से बाहर गए हुए हैं। जिसके चलते डॉक्टर राजीव सक्सेना फिलहाल घर पर अकेले हैं। बीती सुबह वह अपने मकान में ताला लगाकर क्लीनिक चले गए थे। इसी बीच उनके सूने मकान का चोरों ने ताला चटका दिया। भीतर घुसे चोरों ने यहॉ रखे सामान की तलाशी ली और 70 हजार की नगद, लायसेंसी बंदूक, 30 जिंदा कारतूस, मोबाइल सहित अन्य कीमी सामान बटोर कर ले गए। शाम को जब डॉक्टर राजीव सक्सेना वापस बंगले पर पहुंचे तब उन्हें चोरो के कारनामे का पता चला। खबर मिलने पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल की जांच एफएसएल से भी कराई है। पुलिस ने बाताया की फरियादी के घर में सीसीटीवी कैमरा लगा है लेकिन, इन दिनो वह खराब पड़ा है।



अपर मुख्य सचिव श्रीमती रश्मि अरुण शमी ने विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

## उमरिया, शहडोल, मैहर समेत कई जिलों में गिरे ओले, किसानों की बढ़ी परेशानी, आगे भी अलर्ट

भोपाल (ए.)। मध्य प्रदेश में दो साइक्लोनिक सकुर्लेशन और एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव है। इसके असर से प्रदेश में ओलावृष्टि, बारिश, गरज-चमक और आंधी चल रही है। शुक्रवार को प्रदेश के उमरिया, शहडोल, मैहर समेत कई जिलों में बारिश के साथ ओले गिरे जिससे किसानों की फसलों का काफी नुकसान हुआ है। मौसम विभाग ने अगले दो दिन के लिए अलर्ट जारी किया है। 22 और 23 मार्च को भी ऐसा मौसम बना रहेगा। मौसम बदलने से कई शहरों में दिन के तापमान में खासी गिरावट हुई है। सीधी में 27.8 डिग्री, रीवा में 28.8 डिग्री, सतना में 31.4 डिग्री और नौगांव में पारा 32.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। मौसम विभाग के सीनियार वैज्ञानिक वेद प्रकाश ने बताया कि मौजूदा सिस्टम का असर 23 मार्च तक रहेगा। 24 मार्च से एक और वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो सकता है। इसका असर भी प्रदेश में देखने को मिलेगा।

**उमरिया में ओलावृष्टि से किसानों की मेहनत पर फिरा पानी**

उमरिया जिले के घुलघुली क्षेत्र के ग्राम पंचायत जरहा के घोरमारा में शुक्रवार शाम करीब 5 बजे मौसम ने अचानक करवट ली। तेज आंधी, तूफान और बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। इस प्राकृतिक आपदा से गेहूं, चना, मटर और सब्जियों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। फसल कटाई के अंतिम चरण में थी, ऐसे में यह आपदा किसानों के लिए और भी ज्यादा चिंताजनक हो गई है।

**ओलावृष्टि से इन फसलों को नुकसान**

खेतों में खड़ी गेहूं की फसल तेज हवाओं के कारण गिर रही है। किसान अरुण तिवारी के अनुसार उनकी मेहनत से तैयार की गई फसल अब खतरे में है। जिले में रुक-रुक कर हो



रही बारिश से जहां गर्मी से राहत मिली है, वहीं फसलों के लिए यह नुकसानदायक साबित हो रही है। किसान डॉक्टर बाल्मिक गौतम ने कहा कि खेतों में अभी गेहूं, चने और सरसों की फसल पककर तैयार है। इसे काटने की तैयारी कर रहे थे, इस ओलावृष्टि से इन फसलों को काफी नुकसान हो सकता है।

# इंदौर संभाग में उद्योग एवं रोजगार वर्ष के दौरान औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने और रोजगार के अवसर में वृद्धि के लिये होंगे विशेष प्रयास

## इंदौर संभाग में औद्योगिक निवेश के बेहतर ईको सिस्टम को देखते हुए बड़ी संख्या में आकर्षित हो रहे है निवेशक



इन्दौर (ए.)। राज्य शासन के निर्देशानुसार इस वर्ष को उद्योग एवं रोजगार वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। उद्योग एवं रोजगार वर्ष के दौरान इंदौर संभाग में की जाने वाली गतिविधियों, औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने, रोजगार के अवसर में वृद्धि, औद्योगिक ईकाईयों के समस्याओं के निराकरण और अन्य संबंधित मुद्दों पर चर्चा के लिये आज यहां संभागायुक्त दीपक सिंह की अध्यक्षता में रीजनल कांफ्रेंस आयोजित की गई। इस कांफ्रेंस में इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह सहित संभाग के अन्य जिलों के कलेक्टर्स, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, संबंधित विभागों के अधिकारी और पीथमपुर औद्योगिक संगठन के गौतम कोठारी मौजूद थे। इस अवसर पर संभागायुक्त दीपक सिंह ने कहा कि संभाग में औद्योगिक निवेश के लिये बेहतर ईको सिस्टम है। यहां औद्योगिक ईकाईयों की स्थापना के लिये अनुकूल वातावरण, संसाधन, सुविधाएं, कुशल मानव संसाधन आदि उपलब्ध है। इसको देखते हुए संभाग में बड़ी संख्या में निवेशक निवेश के लिये आकर्षित हो रहे है। निवेशकों द्वारा 82 हजार करोड़ रूपये से अधिक के निवेश की इच्छा जाहिर की गई है। इससे इंदौर संभाग में औद्योगिक विकास को नई दिशा मिलेगी। संभागायुक्त दीपक सिंह ने सभी कलेक्टरों से कहा कि वे अपने-अपने जिलों में भूमि का चिन्हांकन जल्द से जल्द कर लेवें, जिससे की निवेशकों को भूमि जल्द आवंटित की जा सकें। उन्होंने कहा कि सभी कलेक्टर्स अपने-अपने स्तर पर भी निवेशकों को औद्योगिक ईकाईयों की स्थापना के लिये प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि इस वर्ष को उद्योग एवं रोजगार वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसको देखते हुए यह प्रयास करें कि अपने-अपने क्षेत्रों में अधिक से अधिक औद्योगिक ईकाईयां स्थापित हो। अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार मिले। यह प्रयास भी किये जाये कि औद्योगिक क्षेत्रों में किसी भी तरह की समस्याएं नहीं रहे। स्थानीय स्तर पर समस्याओं के निराकरण के लिये औद्योगिक ईकाईयों और संबंधित अधिकारियों के साथ कम से कम दो माह में एक बैठक जरूर हो। उन्होंने कहा कि बुरहानपुर में हर ग्राम पंचायत स्तर पर एक लूम स्थापना के प्रयास भी किये जाये।

## सरकार की योजनाओं की जानकारी पहुंचाने हेतु जागरुकता रथ को हरी झण्डी दिखा कर किया रवाना



धार (ए.)। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा जिले में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं एवं नशा मुक्ति अभियान के प्रति जन जागरूकता फैलाने के लिए जागरूकता रथ संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों तक सरकार की योजनाओं की जानकारी पहुंचाना और नशे के दुष्प्रभावों को लेकर समाज में चेतना लाना है। जिससे अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। जागरूकता रथ को शुक्रवार एडीएम अश्विनी रावत, संयुक्त कलेक्टर जगदीश मेहराएवं एसडीएम दिपक चौहान द्वारा हरी झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया गया। यह रथ जिले की जनपद पंचायतों में भ्रमण कर योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेगा। इस अवसर पर सामाजिक सुरक्षा अधिकारी सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण



## सभी व्यवस्थाऐं चाक चौबंद रखी जाए - कलेक्टर

दतिया (ए.)। कलेक्ट संदीप कुमार माकिन ने आज शुक्रवार को जिला चिकित्सालय के विभिन्न वार्डो का औचक निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मरीजों व उनके परिजनों से बातचीत कर अस्पताल में दी जा रही सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा सिविल सर्जन आदि सभी डाक्टरों स्टाफ को जिला चिकित्सालय की सभी व्यवस्थाऐं चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री माकिन ने कहा कि सभी वार्डो में साफ-सफाई, शुद्व पेयजल तथा बिजली व्यवस्था तथा पर्याप्त स्टाफ की व्यवस्थाऐं रहना चाहिए।

# इंजेक्शन लगाने के बाद हुई युवक की मौत,मचा हड़कंप



सिंगरौली (आरएनएस)। सिंगरौली जिले के चितरंगी थाना अंतर्गत कुड़ैनिया गांव में एक झोलाछाप डॉक्टर के गलत इंजेक्शन लगाते ही 46 वर्षीय मनोज यादव की मौत हो गई.इसकी जानकारी मृतक के परिजनों ने चितरंगी थाने में की। जब वहां से उन्हें संतुष्ट पूर्ण जवाब नहीं मिला तो वह देर रात पुलिस अधीक्षक कार्यालय बैढ़न पहुंचे और पुलिस अधीक्षक से मिलने की गुहार लगाने लगे। हालांकि चितरंगी थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों के आरोप के अनुसार जांच जारी है.पूरा मामला चितरंगी थाना के कुड़ैनिया गांव का है जहां 40 वर्षीय युवक मनोज यादव की तबीयत खराब हो गई इस दौरान वह गांव के झोलाछाप डॉक्टर के पास पहुंचा और अपना इलाज करने लगा.इलाज करने के ही दौरान युवक को डॉक्टर ने सुई लगाई, जिसके बाद ही उसकी तबीयत खराब हो गई और फिर मौत हो गई, घटना की जानकारी चितरंगी पुलिस को भी दी गई। पुलिस पहुंची और जांच शुरू कर दी। वहीं मृतक के परिजनों का आरोप है कि, मृतक मनोज यादव की मौत झोलाछाप डॉक्टर के गलत इंजेक्शन से लगाने के कारण हुई है, फिलहाल इस घटना के बाद मृतक के परिजन थाने पहुंचे लेकिन उन्हें संतुष्ट पूर्ण जवाब नहीं मिला। जिसके बाद वह देर रात पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री से मिलने जिला मुख्यालय पहुंचे और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में करीब एक दर्जन से ज्यादा ग्रामीण एवं परिजन पहुंचे। बताया जा रहा है कि, जिस चितरंगी क्षेत्र की कुड़ैनिया में युवक मनोज यादव की मौत हुई है वह मध्य प्रदेश के राज्य मंत्री राधा सिंह का क्षेत्र है हालांकि, यह पहली मर्तबा नहीं है कि जब गलत इंजेक्शन लगाने से युवक की मौत हुई है।

### हायर सेकेण्डरी की परीक्षा में कुल 330 छात्र-छात्राओं में से 326 उपस्थित हुए, 04 छात्र रहे अनुपस्थित

दतिया (ए.)। जिला शिक्षा अधिकारी यूएन मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश की हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा अंतर्गत एनएसक्यूएफ के समस्त विषय, शारीरिक शिक्षा विषय की परीक्षा में कुल 330 छात्र-छात्राओं में से 326उपस्थित रहे एवं 04 अनुपस्थित रहे। हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा अंतर्गत परीक्षा में कोई नकल प्रकरण दर्ज नहीं हुआ। सभी 12 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई।

# सात दिवसीय विशाल पुस्तक मेला 22 मार्च से

## पुस्तक विक्रेताओं ने किया फैसला सभी तरह के डिस्काउंट के अलावा मेले में देंगे अतिरिक्त छूट

ग्वालियर (ए.)। स्कूली बच्चों को उचित दाम पर किताबें, ड्रेस व स्टेशनरी उपलब्ध कराने के लिये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप मेला परिसर स्थित दस्तकारी हाट बाजार (शिल्प बाजार) में 22 मार्च को दोपहर 2 बजे सात दिवसीय पुस्तक मेला (बुक फेयर) शुरू होगा। जिला प्रशासन की पहल पर आयोजित हो रहे इस पुस्तक मेले का औपचारिक शुभारंभ इस दिन सायंकाल 5.30 बजे विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह एवं सांसद भारत सिंह कुशवाह सहित अन्य वरिष्ठ जनप्रतिनिधिगणों की मौजूदगी में होगा। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने अभिभावकों व स्कूली विद्यार्थियों से पुस्तक मेले का लाभ




उठाने की अपील की है। पुस्तक विक्रेताओं (ग्वालियर डिवीजन चिल्ड्रन बुक सेलर एसोसिएशन) ने पुस्तक मेले से किताबें, ड्रेस व स्टेशनरी खरीदने पर सभी तरह के डिस्काउंट (छूट) के अलावा अतिरिक्त छूट देने का निर्णय लिया है। व्यापारियों ने जिला प्रशासन द्वारा पुस्तक मेला लगाने के निर्णय का स्वागत किया है। साथ ही कहा है कि पुस्तक मेले से विद्यार्थियों व अभिभावकों को सभी तरह के डिस्काउंट के अलावा पुस्तकों की खरीदी पर 5 प्रतिशत, स्टेशनी पर 10 प्रतिशत तथा यूनीफॉर्म व अन्य सामग्री की खरीदी पर 5 प्रतिशत अतिरिक्त छूट दी जायेगी। शिल्प बाजार परिसर में 22 मार्च से 29 मार्च तक आयोजित होने जा रहे इस पुस्तक मेले में ग्वालियर जिले में संचालित सभी प्राइवेट स्कूलों की पुस्तकों के सेट, स्टेशनरी व यूनीफॉर्म सस्ती दर पर खरीदी जा सकेंगीं। मेले में पुस्तकों व स्टेशनी इत्यादि की 81 दुकानें लगेंगीं।

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने शुक्रवार को शिल्प बाजार पहुँचकर पुस्तक मेले की तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही इससे पहले अधिकारियों की बैठक लेकर पुस्तक मेले के सुव्यवस्थित आयोजन के लिये आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुस्तक मेले में पेयजल, शौचालय व प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की पुख्ता व्यवस्था की जाए। साथ ही पेड फूड स्टॉल भी लगाए जाएं। उन्होंने पुस्तक मेला परिसर में अग्नि सुरक्षा व विद्युत सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रखने पर भी विशेष जोर दिया। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने यह भी निर्देश दिए कि पुस्तक मेला परिसर में साफ-सफाई के विशेष इंतजाम किए जाएं। जगह-जगह डस्टबिन रखें, जिससे मेले में कचरा न फैले।

# औद्योगिक इकाईयों की सौगातें देने आए मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आत्मीय स्वागत

ग्वालियर (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को ग्वालियर व मालनपुर प्रवास पर पधारे। ग्वालियर, भिण्ड व मुरैना जिले को औद्योगिक इकाईयों की सौगात देने आए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का राजमाता विजयाराजे सिंधिया विमानतल पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। भोपाल से पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल और नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला भी मुख्यमंत्री के साथ आए थे। मालनपुर व ग्वालियर में कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपरान्ह लगभग 5 बजे विमानतल पहुँचकर



वायुमार्ग द्वारा भोपाल के लिये प्रस्थान किया। विमानतल पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव के स्वागत के लिये भाजपा जिला अध्यक्ष शहर जयप्रकाश राजौरिया व ग्रामीण प्रेम सिंह राजपूत, नगर निगम सभापति मनोज तोमर, पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल, बीज निगम के पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र सिंह यादव तथा कमल माखीजानी, दीपक शर्मा व विनोद शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण पहुँचे थे।

# व्यापार समाचार

## सपाट खुला भारतीय शेयर बाजार, आईटी शेयरों में दिखी बिकवाली

मुंबई, (आरएनएस)। मिश्रित वैश्विक संकेतों के बीच शुक्रवार को घरेलू बेंचमार्क सूचकांक सपाट खुले। शुरुआती कारोबार में आईटी सेक्टर में बिकवाली देखी गई। सुबह करीब 9.31 बजे सेंसेक्स 7.77 अंक या 0.01 प्रतिशत की गिरावट के साथ 76,340.29 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 2.25 अंक या 0.01 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,192.90 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी बैंक 60.10 अंक या 0.12 प्रतिशत की बढ़त के साथ 50,122.95 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 86.95 अंक या 0.17 प्रतिशत की बढ़त के साथ 51,231.35 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 93.10 अंक या 0.59 प्रतिशत की बढ़त के साथ 15,951.15 पर था। विशेषज्ञों के अनुसार, सपाट शुरुआत के बाद निफ्टी को 23,100 स्तर और इससे पहले 23,000 और 22,900 पर सपोर्ट मिल सकता है।

## आईटी सेक्टर को 450 बिलियन डॉलर सेवा निर्यात के लक्ष्य तक पहुंचाएंगे हमारे एमएसएमई : केंद्रीय मंत्री




नई दिल्ली , (आरएनएस)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि एमएसएमई के नेतृत्व में आईटी सेक्टर अगले वित्त वर्ष में 450 बिलियन डॉलर के सेवा निर्यात लक्ष्य तक पहुंच सकता है। केंद्रीय मंत्री गोयल ने भारत की आर्थिक वृद्धि में आईटी और आईटी-इनेबल्ड सर्विसेज (आईटीईएस) सेक्टर की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले साल सर्विस सेक्टर का निर्यात लगभग 340 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जिसमें आईटी और आईटीईएस का योगदान लगभग 200 बिलियन डॉलर रहा। इस साल, सेवा निर्यात (सर्विस एक्सपोर्ट) 380 बिलियन डॉलर से 385 बिलियन डॉलर के बीच पहुंचने की उम्मीद है, जिससे भारत की वैश्विक उपस्थिति और मजबूत होगी। नैसकॉम द्वारा आयोजित 'ग्लोबल कॉन्फ्लुएंस 2025' में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत की प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता को बढ़ाने में इनोवेशन और अनुकूलनशीलता की अहम भूमिका है।

केंद्रीय मंत्री ने अमृत काल में देश के आर्थिक परिवर्तन के प्रमुख कारकों के रूप में भारत के आईटी सेक्टर और एमएसएमई में विश्वास की पुष्टि की, जो एक विकसित और समृद्ध भारत की दिशा में सामूहिक रूप से काम कर रहे हैं। उन्होंने निरंतर सीखने की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए नैसकॉम की प्रशंसा की, जिसमें कहा गया कि आईटी सेक्टर क्वांटम कंप्यूटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग जैसी नई तकनीकों को अपनाकर लगातार आगे बना हुआ है। केंद्रीय मंत्री ने देश के एक विशाल टैलेंट पूल का लाभ उठाते हुए भारत में वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) को आकर्षित करने की जरूरत पर भी जोर दिया। टैलेंट को विदेश में रिलोकेट करने के बजाय भारत से संचालन करने के लिए व्यवसायों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि इससे विदेशी मुद्रा आय बढ़ेगी और घरेलू आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

## 2024 में भारत के वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स सेक्टर में 203 प्रतिशत बढ़ा निवेश

नई दिल्ली (आरएनएस)। इंडियन वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स सेक्टर को 2024 में 1.96 बिलियन डॉलर का निवेश प्राप्त हुआ, जो पिछले साल रियल एस्टेट सेक्टर में प्राप्त कुल संस्थागत निवेश का 29 प्रतिशत है। गुरुवार को जारी एक लेटेस्ट रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट के अनुसार, क्विक कॉमर्स सेक्टर के तेजी से विस्तार के बीच वेयरहाउस की बढ़ती मांग के कारण इस सेक्टर में निवेश प्रवाह सालाना आधार पर 203 प्रतिशत तक बढ़ गया।नतीजतन, मांग



में इस उछाल के परिणामस्वरूप 2024 में 44.9 मिलियन वर्ग फीट (वर्ग फीट) का रिकॉर्ड अब्सॉर्प्शन हुआ, जो पिछले वर्ष की तुलना में 19 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। 2024 की दूसरी छमाही में ही 28.3 मिलियन वर्ग फीट अब्सॉर्प्शन देखा गया, जो कि 2024 की पहली छमाही की तुलना में 70 प्रतिशत की वृद्धि है और किसी एक कैलेंडर वर्ष में दर्ज किया गई अब तक की सबसे अधिक वृद्धि है। वेस्टियन के सीईओ श्रीनिवास राव ने कहा, निवेशकों की सकारात्मक भावनाओं, केंद्रीय बजट 2025-26 में घोषणाओं और मजबूत घरेलू मांग के कारण भारत की स्थिति एक प्रमुख लॉजिस्टिक्स हब के रूप में मजबूत होने वाली है। मेगा इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट पर सरकार द्वारा लगातार ध्यान देने से इस क्षेत्र में विकास को और बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। 2024 में अब्सॉर्प्शन का एक बड़ा हिस्सा थर्ड-पार्टी लॉजिस्टिक्स कंपनियों में केंद्रित था, जो कि पैन-इंडिया अब्सॉर्प्शन का 33 प्रतिशत था।

## दुनिया में पहली बार पूरा अखबार ही एआई से लिखा और छापा जा रहा, इस तरह तैयार की गई खबरें

नई दिल्ली (आरएनएस)। तेजी से बढ़ती टेक्नोलाजी ने आज के समय में हर काम को आसान कर दिया है। अब एआई से अखबारों में खबरे लिखी जा रही है। दुनिया में ऐसा पहली बार हुआ है जब एक न्यूज पब्लिकेशन ने पूरा का पूरा अखबार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लिखवा दिया और बंटवा भी दिया। यह अखबार इटली का दैनिक अखबार है, जिसका नाम Il Foglio है। हर दिन इसकी लगभग 29000 कॉपी बिकती है। यह रिपोर्ट एएफपी ने प्रकाशित की है। ऐसा भी नहीं कि यह एक दिन करने की तैयारी है। अगले एक महीने तक पब्लिकेशन ऐसा करने जा रहा है। Il Foglio का कहना है कि यह दुनिया का पहला अखबार है जो पूरी तरह से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से बनाए गए अखबार को छापता है। इसने मंगलवार, 18 मार्च को अपने नॉर्मल एडिशन के साथ-साथ प्रिंट और ऑनलाइन में चार पेज का दैनिक AI संस्करण तैयार करना शुरू किया। पेपर में लगभग 22 आर्टिकल और तीन संपादकीय (एडिटोरिल) शामिल थे। रिपोर्ट के अनुसार अखबार के लगभग 20 पत्रकार OpenAI · ChatGPT चैटबॉट को एक खास विषय पर एक खास टोन में स्टोरी लिखने के लिए कहते हैं। इसके बाद यह AI सॉफ्टवेयर इंटरनेट से मिली जानकारी का उपयोग करके आर्टकिल तैयार करता है। इस सप्ताह पेपर की मदद से जो आर्टिकल छापे हैं, उनमें इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी के भाषणों की एनालिसिस, डोनाल्ड ट्रंप और व्लादिमीर पुतिन के बीच हालिया फोन कॉल पर एक संपादकीय और एक फैशन स्टोरी शामिल है। इस न्यूज पेपर के डायरेक्टर क्लाउडियो सेरासा ने कहा कि उन्होंने पत्रकारिता को पुनर्जीवित करने के लिए एक प्रयोग किया है, इसे खत्म करने के लिए नहीं। उन्होंने आगे कहा, इसका उद्देश्य दोतरफा है। एक ओर, थ्योरी को व्यवहार में लाना, दूसरी ओर, यह स्वयं का परीक्षण करना है और इस प्रकार समझना है कि AI की सीमाएं क्या हैं।

# आप भी अपने VI नंबर को करना चाहते है Jio में पोर्ट, ये है आसान तरीका

नई दिल्ली(आरएनएस)। अगर आप भी Vodafone Idea नंबर को छुद्बश में आसानी पोर्ट करने का सोच रहे हैं? तो चलिए बताते हैं कि आपको नंबर को पोर्ट करने के लिए किस नंबर पर मैसेज करना है और नंबर पोर्ट करने का पूरा प्रोसेस क्या है? बता दें कि VI 5G सर्विस को मुंबई में शुरू कर दिया गया है, कंपनी धीरे-धीरे बाकी शबहों में भी जल्द 5जी सर्विस को शुरू कर सकती है। वोडाफोन आइडिया की सिम इस्तेमाल करने वाले कुछ लोग 5जी सर्विस न मिल पाने की वजह से तो वहीं कुछ लोग नेटवर्क में दिक्कत आने के कारण नंबर पोर्ट करवा लेते हैं।

### सबसे पहले पोर्ट रिक्वेस्ट भेजनी होगी

आप नंबर पोर्ट करना चाहते हैं तो इसके लिए आपको सबसे पहले तो अपने नंबर से पोर्ट रिक्वेस्ट के लिए एक मैसेज भेजना होगा। मोबाइल नंबर पोर्ट करने से पहले आपको अपने नंबर से 1900 पर मैसेज भेजना




होता है। मैसेज में कैपिटल अक्षरों में PORT लिखने के बाद स्पेस देकर अपना मोबाइल नंबर लिखकर मैसेज पड़ता है। उदाहरण PORT 1234567890 (नंबर) लिखकर मैसेज भेज दें, आपको यहां वो नंबर डालना है जिसे आप पोर्ट करना चाहते हैं।

### यूनिक पोर्ट कोड होगा रिसीव

जैसे ही 1900 पर मैसेज भेजेंगे आप लोगों को एक मैसेज रिसीव होगा, इस मैसेज में आप लोगों को यूनिक पोर्ट कोड मिलेगा, ये UPC कोड आपको एक्सपायरी डेट के साथ मिलेगा। इस कोड के साथ आप लोगों को अपने घर के नजदीकी जियो स्टोर पर जाना होगा। कोड ही नहीं बल्कि आपको एड्रेस प्रूफ, आधार कार्ड और आईडी प्रूफ भी साथ लेकर जाना होगा, तभी आपको जियो कंपनी की सिम मिलेगी। जैसे ही आप डॉक्यूमेंट्स की फोटो कॉपी और कोड सबमिट करेंगे, पोर्ट प्रोसेस शुरू हो जाएगा। नया नंबर एक्टिव होने में कुछ वक्त लग सकता है, लेकिन ध्यान दें कि जब तक आपका जियो नंबर एक्टिव नहीं हो जाता आप लोगों का वीआई नंबर एक्टिव रहेगा। जियो नंबर के एक्टिव होते ही वीआई कंपनी की सिम चलनी बंद हो जाएगी।

## इंडसइंड बैंक ने डेरिवेटिव पोर्टफोलियो में विसंगतियों की जांच के लिए स्वतंत्र फर्म को किया नियुक्त

नई दिल्ली,(आरएनएस)। इंडसइंड बैंक ने अपने डेरिवेटिव पोर्टफोलियो में विसंगतियों की जांच के लिए एक स्वतंत्र पेशेवर फर्म को नियुक्त किया है। पिछले सप्ताह बैंक ने जानकारी दी थी कि उसने अपने डेरिवेटिव पोर्टफोलियो में विसंगतियों की पहचान की है, जिसका दिसंबर 2024 तक उसके नेटवर्थ पर लगभग 2.35 प्रतिशत प्रभाव पड़ सकता है। स्टॉक एक्सचेंजों को दिए गए एक नए बयान में बैंक ने कहा कि स्वतंत्र फर्म हाल ही में पेश की गई लेखांकन विसंगतियों के मूल कारण की पहचान करने के लिए एक बड़े स्तर पर जांच करेगी।

फर्म अकाउंटिंग स्टैंडर्ड्स को लेकर डेरिवेटिव कॉन्ट्रैक्ट के अकाउंटिंग ट्रीटमेंट के सही या गलत होने और इसके प्रभाव का आकलन करेगी। स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा गया, 10 मार्च 2025 को बैंक ने अपने डेरिवेटिव पोर्टफोलियो से जुड़े अकाउंट बैलेंस को लेकर बैंक द्वारा पहचानी गई कुछ विसंगतियों की एक बाहरी एजेंसी द्वारा चल रही समीक्षा की जानकारी दी थी। बैंक ने कहा था कि एक बार रिव्यू पूरा हो जाने पर यह अपने फाइनेंशियल स्टेटमेंट पर पड़ने वाले किसी भी परिणामी प्रभाव की जानकारी खुद ही देगा।इसके अलावा, निदेशक मंडल ने अपनी बैठक में एक स्वतंत्र पेशेवर फर्म को नियुक्त करने का फैसला किया था।

## सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है,
सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

# मुठभेड़ों पर आलोचनात्मक टिप्पणियां

यूपी में एनकाउंटर कोई नई घटना नहीं है। पहले भी कुछ मौकों पर विपक्ष ने मुठभेड़ों पर सवाल उठाए हैं। यहां तक कि न्यायपालिका ने आलोचनात्मक टिप्पणियां की हैं। लेकिन आम तजुर्बा है कि यूपी सरकार पर कोई असर नहीं होता।

उत्तर प्रदेश में एनकाउंटर (जिनके बारे में आरोप है कि उनमें ज्यादातर फर्जी होते हैं) और बुल्डोजर राज इतना आम फहम हो गया है कि उनसे कानून के राज के ध्वस्त होने को लेकर आशंकाएं गहराती चली गई हैं। देखा गया है कि मोटे तौर पर ऐसी कार्रवाइयों के निशाने पर अल्पसंख्यक समुदाय के लोग होते हैं। चूंकि उनसे सहानुभूति जताना आज राजनीतिक रूप से घाटे का सौदा माना जाता है, इसलिए उनसे जुड़ी घटनाओं पर सियासी दायरे में कोई बड़ा शोरगुल नहीं होता। इसको लेकर सवाल तभी उठते हैं, जब इनका निशाना राजनीतिक रूप से किसी रसूखदार समुदाय का व्यक्ति बने।

ऐसे ही सवाल अभी उत्तर प्रदेश में गर्म हैं। राज्य के सुल्तानपुर जिले में 28 अगस्त को एक गहने की दुकान में डकैती हुई, जिसमें करीब दो करोड़ रुपये के कीमती सामान लूट लिए गए। पुलिस ने धर-पकड़ शुरू की।छह दिन बाद एक मुठभेड़' में तीन लोगों को घायल कर गिरफ्तार कर लिया। अगले दिन यानी चार सितंबर को एक व्यक्ति ने अदालत में समर्पण कर दिया।

छह सितंबर को यूपी की स्पेशल टास्क फोर्स ने मंगेश यादव नाम के एक अभियुक्त को मुठभेड़ में मार गिराया। मंगेश के परिजनों का आरोप है कि दो दिन पहले उसे एसटीएफ वाले पूछताछ के लिए घर से उठा ले गए थे और फिर मुठभेड़ में उसके मारे जाने की खबर आई। परिजनों का आरोप है कि यह एनकाउंटर नहीं बल्कि हत्या है। उसके बाद से राज्य में एनकाउंटर को लेकर सियासी घमासान मचा हुआ है।

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के अलावा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी इस मामले में राज्य की योगी सरकार पर निशाना साधा है। लेकिन यूपी में एनकाउंटर कोई नई घटना नहीं है। पहले भी कुछ मौकों पर विपक्ष ने मुठभेड़ों पर सवाल उठाए हैं। यहां तक कि न्यायपालिका ने आलोचनात्मक टिप्पणियां की हैं। लेकिन आम तजुर्बा है कि यूपी सरकार पर कोई असर नहीं होता। उलटे सरकार एनकाउंटर करने वालों को पुरस्कार देती रही है। आरोप है कि यूपी सरकार ने एनकाउंटर को राजकीय नीति बना रखा है और वह बेहिचक इसको आगे बढ़ा रही है।



खून से सीएम और मंत्रियों को लिखा पत्र, बर्खास्त बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों ने न्याय की लगाई गुहार, समायोजन नहीं करने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी

# पिता की सेवा-शुश्रुषा सदैव करनी चाहिए

**अशोक प्रवृद्ध**

श्राद्ध कर्म में विशेष कर पितृ शब्द से विद्यादाता का ग्रहण होता है। अपने उत्पादक पिता की सेवा-शुश्रुषा तो सबको सदैव करनी ही चाहिए। ऐसा नहीं करने वाला कृतघ्न होता है। ज्ञान व विद्या देने वाले ज्ञानी पिता का भी भोजनादि से प्रतिदिन सत्कार करना ही श्राद्ध है। अपने जनक और अन्य यज्ञोपवीत कराने वाले आदि की सेवा को सामान्य प्रकार से तर्पण कहते हैं। श्राद्ध कर्म में पूजने योग्य दो ही हैं- पितृ और देव।

भारतीय परंपरा में मानव जीवन के लिए महत्वपूर्ण माने गए पंच महायज्ञों में ब्रह्मयज्ञ (स्वाध्याय), पितृयज्ञ (तर्पण), देवयज्ञ (होम/हवन), बलि वैश्वदेव (भूतयज्ञ)और नृयज्ञ (अतिथि पूजन) में दूसरे स्थान पर पितृयज्ञ शामिल है। पितृयज्ञ तर्पण का ही अवान्तर भेद श्राद्ध है। भूख-प्यास आदि से होने वाले दु:ख की निवृत्तिरूप तृप्ति अथवा प्रसन्नता, मन में पूरा सन्तोष अथवा आनन्दरूप को तर्पण कहा जाता है। और जिस कर्म विशेष के द्वारा अन्न से तृप्त हुए जन क्षुधा से होने वाले दु:ख से निवृत्त होते हैं, श्रद्धा कहा जाता है। श्रद्धापूर्वक दिये जाने वाले अन्न का नाम श्राद्ध है। श्रद्धापूर्वक बनाये अन्न का खाने वाला श्राद्धभोजी होता है। इसलिए पाणिनी सूत्र में श्राद्धमनेन भुक्तमिनिठनौ कहा गया है। जिसने श्राद्ध का भोजन किया हो, वह श्राद्धी अथवा श्राद्धिक कहा जाता है। यहां भक्ति श्रद्धा से पकाये हुए अन्न का नाम श्राद्ध है। इससे यह सिद्ध है कि भोजन से होने वाले सत्काररूप कर्म का नाम श्राद्ध है। इससे यह भी सिद्ध हुआ कि भोजन से होने वाले सत्कार कर्म और उस सत्कार के लिए श्रद्धा से बनाए अन्न का नाम श्राद्ध है। श्रद्धा से दिए जाने वाले इस पितृ संबंधी दानकर्म को श्राद्ध कहते हैं।

सामान्यत: पिता शब्द से उत्पादक का अर्थ लिया जाता है, परंतु भारतीय परंपरा में उत्पादक के साथ ही यज्ञोपवीत कराने वाला, विद्यादाता, अन्नदाता और भय से बचाने वाला, ये पांच पिता माने गये हैं। इस प्रकार पितृ शब्द योगरूढ़ है और अपने उत्पादक पिता में रूढ़ि भी है। अन्य लौकिक व्यवहार में पिता शब्द से प्रकरणानुसार जनक, यज्ञोपवीत कराने, अन्न देने अथवा भय से बचाने वाले का ग्रहण होता है। परंतु श्राद्ध कर्म में विशेष कर पितृ शब्द से विद्यादाता का ग्रहण होता है। अपने उत्पादक पिता की सेवा-शुश्रूषा तो सबको सदैव करनी ही चाहिए। ऐसा नहीं करने वाला कृतघ्न होता है। ज्ञान व विद्या देने वाले ज्ञानी पिता का भी भोजनादि से प्रतिदिन सत्कार करना ही श्राद्ध है। अपने जनक और अन्य यज्ञोपवीत कराने वाले आदि की सेवा को सामान्य प्रकार से तर्पण कहते हैं।



श्राद्ध कर्म में पूजने योग्य दो ही हैं- पितृ और देव। वाणी के कर्म में प्रवीण, पढ़ाने व उपदेश करने में सदा प्रवृत अर्थात पढ़ाने और उपदेशादि वाणी के कर्म द्वारा विद्या का प्रचार करके जगत का उपकार करने के लिए प्रतिक्षण प्रवृत्त होने वाले देवता कहाते हैं। मनुस्मृति के अनुसार मानसकर्म ज्ञान में सदा रमण करने, अपने मन ही मन में शुद्ध आनन्द की लहरियों का अनुभव करने, सदा अच्छे-बुरे का विवेक करने, बहुत कम नियम से बोलने अथवा वाणी को वश में करके मौन रहने, विषय पर सम्यक अनुभव कर उसके प्रचार से जगत का उपकार करने, उस विषय को पुस्तकादि द्वारा सरल कर प्रचलित करने वाले पितर हैं। वेदविद्या का दान देने से आचार्य, गुरु को पिता कहते हैं। अज्ञानी को बालक और ज्ञानी को पिता कहते हैं।

शतपथ ब्राह्मण के अनुसार जिनमें वाणी के कठोर, मिथ्याभाषण, चुगली और असम्बद्ध बोलना रूप चार दोष न हों, और सत्य भाषण, हितकारी वाक्य संभाषण, प्रियवाणी बोलना और वेदादिशास्त्र पढने आदि चार प्रसंगों में वाणी का व्यय करना, किन्तु क्रोधादि पूर्वक नहीं बोलना आदि गुण मौजूद हों, वे देव हैं। और मानस विचार में तत्पर रहने वाले अर्थात मन के तीन दोष -परद्रव्यापहरण (अन्य के वस्तु को लेने की तृष्णा), दूसरों के प्रति अनिष्ट विचार और असम्भव विचार संबंधी दोष जिनमें न हों तथा मानस तीन गुण- सब प्राणियों पर दया, निरपेक्ष व सन्तोष और शुभकर्मों अथवा परमात्मा की उपासनादि में श्रद्धाभक्ति जिनमें विशेष कर हों वे पितर कहाते हैं।

स्पष्ट है कि वाचिक पापों से रहित और वाचिक पुण्य करने में विशेष कर प्रवृत्त देव, तथा मानस पापों से रहित, मानस पुण्य करने में अधिक कर प्रवृत्त पितृ कहाते हैं। जिनकी वाणी सब प्रकार शुद्ध है, वे देव और जिनका मन सब प्रकार शुद्ध है, वे पितृ लोग कहाते हैं। मानस विचार की रक्षा वाणी से होती है, इसी कारण पितृ कार्य का रक्षक देवकार्य को माना है। तथा देव को ऋषि और पितृ को मुनि। जहां देव, ऋषि, पितृ, सब आते हैं, वहां ऋषि पद वाच्य ब्रह्मचर्याश्रमस्थ वेदाध्येता तपस्वी अन्तेवासी शिष्य लिए जाएंगे। मनुस्मृति के अनुसार सत्त्वगुण की प्रधानता होने से बुद्धिवर्द्धक तथा खाने योग्य कव्यपदार्थ ही प्रयत्न के साथ ज्ञानियों को खिलाना चाहिए। और होमने योग्य वस्तु चारों प्रकार के विद्वानों को खिलाना चाहिए। इसी कारण उपनिषदों में भी आत्मज्ञानी की पूजा करने का निर्देश दिया गया है। इससे ज्ञानी लोगों का ही सत्कार करने की बात सिद्ध होती है। सत्य-असत्य का विवेक करने वाले ज्ञानी जनों की सम्यक श्रद्धा, भक्ति से सेवा करने वाले सेवकों पर वे प्रसन्न होकर कल्याण करने के लिए मन लगाते हैं। और श्रेष्ठमार्ग का उपदेश करते अथवा संकेतमात्र से जता देते हैं कि यह काम ऐसे करना चाहिए और यह न करना चाहिए।

इसी कारण ज्ञाननिष्ठ पितृजनों के सेवक भी कल्याणभागी होते हैं। इसी से ज्ञानयुक्त पितृजनों की अन्नादि दान से श्रद्धापूर्वक सेवा-शुश्रूषा करनी चाहिए। सब सत्कारों में भोजनार्थ अन्न से सत्कार करना ही सबमें मुख्य है। वैदिक मतानुसार प्राणियों का प्राण अन्न के ही आश्रय है। और भोजन से ही इस शरीर की उत्पत्ति, स्थिति और नाश हो सकता है। सात्त्विक-सत्त्वगुण का बढ़ाने वाला आहार मिलने पर शरीर निरोग और सत्त्वगुण वाली प्रबल बुद्धि होती है, इसी से धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की सिद्धि है। वस्त्र और भूषण आदि सुख के साधनों के न मिलने पर भी केवल अन्न और जल के आश्रय से शरीर ठहर सकता है, परंतु अन्न-जल न मिलने पर अत्यंत समृद्ध धनी होने अथवा सब पृथ्वी का राज्य मिल जाने पर भी शरीर की स्थिति नहीं रह सकती।

# पीएम जनमन से बैगा परिवारों की बदल रही तस्वीर और तकदीर

**नसीम अहमद खान**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विशेष रूप से पिछड़ी जनजातियों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए संचालित पीएम जनमन योजना (प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान) के चलते छत्तीसगढ़ राज्य के अति पिछड़े जनजातीय समुदाय तकदीर और इनकी बसाहटों की तस्वीर तेजी से बदलने लगी है। विशेष पिछड़ी जनजातियों के रहवासी क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का तेजी से विकास होने लगा है। बरसों-बरस से आवास, स्वच्छ पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित इन जनजातीय समूहों को अब मिशन मोड में यह बुनियादी सुविधाएं सुभल होने लगी है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पीएम जनमन योजना के सफल क्रियान्वयन से राज्य के सभी विशेष पिछड़ी जनजातीय इलाकों में बुनियादी विकास एवं निर्माण के कार्य तेजी से कराये जा रहे है। राज्य में पीएम जनमन योजना को शुरू हुए अभी एक साल का भी अरसा पूरा नहीं हुआ है, फिर भी छत्तीसगढ़ सरकार की प्रतिबद्धता के चलते इसके सार्थक परिणाम दिखाई देने लगे है। कबीरधाम जिले में प्रधानमंत्री जनमन योजना के चलते बैगा समुदाय की तकदीर और इनकी बसाहटों की तस्वीर बदलने लगी है।

छत्तीसगढ़ राज्य के उत्तर-पश्चिम भाग में स्थित कबीरधाम, राजनांदगांव, मुंगेली, बिलासपुर और कोरिया जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के लोग निवास करते है। जनसंख्यात्मक दृष्टिकोण से बैगा, छत्तीसगढ़ राज्य की विशेष पिछड़ी जनजातियों में सर्वाधिक आबादी वाला जनजाति समुदाय है। छत्तीसगढ़ राज्य में उक्त 5 जिलों में बैगा समुदाय के 24 हजार 589 परिवार निवासरत है, जिसमें से लगभग 46 प्रतिशत यानि 11 हजार 261 परिवार कबीरधाम जिले में रहते हैं।

कबीरधाम जिले के बोड़ला एवं पंडरिया में बैगा समुदाय के लोग निवास करते हैं। इस समुदाय की 38 बसाहटों में निवासरत 255 परिवारों के घरों में विद्युत सुविधा से रौशन किया जा चुका है, जबकि 56 बैगा बसाहटों को जोडने के लिए 186.20 किलोमीटर लम्बाई वाली 47 सड़कों के निर्माण के लिए 135.72 करोड़ रूपए की स्वीकृति दी गई है। इनमें से 42 सड़कों के निर्माण प्रारंभ हो चुका है, जिसके अंतर्गत पक्की डामरीकृत सड़क एवं नदी-नालों पर पुल-पुलियों का निर्माण जारी है।

कबीरधाम के पंडरिया विकासखंड के ग्राम भागड़ा, जामुनपानी, कामठी, कुई, मंगली सारपानी टाकटाईयां, बदना, गुडा, छिरहा, मुनमुना, नेउर और लालपुर में विशेष शिविर लगाकर बैगा समुदाय के लोगों के स्वास्थ्य एवं सिकलसेल की जांच के साथ ही 1870 बैगा परिवारों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए गए हैं। इन गांवों के 86 गर्भवती माताओं का सुरक्षित प्रसव कराया गया। स्वास्थ के प्रति जन-जागरूकता का विशेष अभियान संचालित करने का यह परिणाम है कि अब बैगा समुदाय की महिलाएं भी प्रसव के लिए सरकारी अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में बिना झिझक आने लगी है।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा खेती-किसानी के लिए दी जा रही मदद के चलते अब बैगा समुदाय के लोग बेवर खेती को छोड़ परंपरागत तौर-तरीकों से खेती-किसानी करने लगे है। बेवर खेती दरअसल झूम खेती है। बैगा समुदाय के लोग एक स्थान पर स्थायी तौर पर निवास न करने के कारण बेवर यानी झूम खेती किया करते थे। बिना ब्याज के कृषि ऋण, अनुदान पर कृषि यंत्रों सहित अन्य सुविधाएं मिलने की वजह से बैगा समुदाय के लोग अब बेवर खेती को छोड़ स्थायी खेती करने लगे है। कबीरधाम जिले में शासन द्वारा बैगा समुदाय के लोगों को किसान क्रेडिट कार्ड एवं खेती-किसानी के लिए इस वर्ष 11.70 लाख रूपए का कृषि ऋण दिया जा चुका है।

ग्राम दमगढ़ निवासी समेलाल बैगा के पास 5.5 एकड़ कृषि भूमि है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत उन्होंने एक लाख रूपए ऋण लेकर अपनी कृषि भूमि पर धान की खेती के लायक बना दिया है। समेलाल का कहना है कि धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी और राशि का तत्काल भुगतान होने से उन्हें कृषि से लाभ होने लगा है। ग्राम रोखनी के राजकुमार बैगा के पास 02 एकड़ कृषि भूमि है। प्रधानमंत्री जनमन योजना से ऋण लेकर उन्होंने खेत का सुधार कराया है और धान की खेती की है। फसल अच्छी होने की वजह से उन्हें, इससे लाभ होने की उम्मीद है। नवीन क्रेडिट कार्ड से ऋण मिलने से खेती की जरूरतें पूरी होने लगी है।




मेष राशि: आज आपका दिन नॉर्मल रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स का आज का दिन पढ़ाई में मन लगा रहेगा। दोस्तों के साथ आज बाहर जाने का प्लान बनेगा। आज परिवार से संबंधित लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय सकारात्मक रहेंगे। पिछले कुछ समय से चल रही किसी समस्या का भी निदान होगा। कोई शुभ सूचना मिलने से घरों में उत्सव भरा माहौल रहेगा।

वृष राशि: आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। पहले की अपेक्षा आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। इस राशि के आर्किटेक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छे सौगात लेकर आया हैं, आज आपके कामों की तारीफ हो सकती हैं। आज सामाजिक गतिविधियों में दिन का अधिकतम समय बीतेगा। अपने संपर्कों का दायरा और अधिक विस्तृत करना फायदेमंद रहेगा। अनुभवी लोगों के साथ समय व्यतीत करने से आपके व्यक्तित्व पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

मिथुन राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज मीडिया और मार्केटिंग संबंधी व्यवसाय से नई-नई जानकारियां मिलेंगी। जिससे आपकी कार्यप्रणाली में भी गति आएगी। महिलाएं अपने काम को लेकर उत्साहित रहेंगी। ऑफिस में किसी महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट को पूरा करने में उच्चाधिकारियों का भी पूरा मार्गदर्शन मिलेगा। किसी से चल रहे विवाद में न पड़ें इससे आपका टाइम waste होगा।

कर्क राशि: आज आपका दिन आपके जीवन में नया बदलाव लेकर आयेगा। घर वालों का भरपूर प्यार आपको मिलेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाऐंगे। इस राशि के जो लोग किसी दूसरे राज्य में व्यापार की शुरुआत करना चाहते हैं आज का दिन उनके लिए अच्छा हैं, परिवारवालों का पूरा सपोर्ट मिलेगा। अगर आप सरकारी एग्जाम की तैयारी कर रहे हैं, आज आपको किसी मल्टीनेशनल कंपनी से जॉब के ऑफर ई-मेल के द्वारा आने की संभावना बन रही हैं।

सिंह राशि: आज अपने दिन की शुरुआत नए उमंगों के साथ करेंगे। आज जिस काम को पूरा करने की ठान लेंगे, उसे पूरा करके ही दम लेंगे। आपकी सकारात्मक संतुलित सोच द्वारा योजनाबद्ध तरीके से दिनचर्या बीतेगी, जिससे आपका उत्साह और मनोबल बना रहेगा।

कन्या राशि: आज आपका दिन रचनात्मक कार्यों में लगा रहेगा। आज पिछले कुछ समय से जिस काम के लिए प्रयास कर रहे थे, आज उससे संबंधित खुशखबरी मिल सकती हैं। परंतु दूसरों से उम्मीद रखने की बजाय अपनी योग्यता पर विश्वास रखना ज्यादा बेहतर रहेगा।

तुला राशि: आज आपका दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लेकर आएगा। आज आप उन चीजों को ज्यादा महत्व देंगे जो आपके लिए इम्पोर्टेन्ट हैं। साथ ही आपको काम, परिवार और दोस्तों के बीच संतुलन बना कर रखना चाहिए, ऐसा करने से आपके रिश्तों में संतुलन बना रहेगा। आज दिन की शुरुआत में ही कोई शुभ समाचार मिलने से दिन अच्छा होगा। आज किसी दीर्घकालिक योजना पर काम शुरू हो सकता है।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन सामान्य रहेगा। पारिवारिक व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के लिए बाहरी व्यक्तियों का अपने घर के मामले में हस्तक्षेप ना होने दें। आज आपके अपने नजदीकी लोग ही आपके लिए कुछ दिक्कतें पैदा करेंगे। सचेत रहें और नकारात्मक परिस्थितियों में धैर्य न खोए और अपना मनोबल मजबूत बनाकर रखें। अपने व्यवहार में थोड़ी नरमी रखें, इससे आपके बिगड़ते काम बन जाएगे।

धनु राशि: आज आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। आज आप आर्थिक स्थिति को देखते हुए भविष्य की प्लानिंग बना सकते हैं। आपकी मेहनत का अच्छा परिणाम जल्द ही मिलेगा। आज कार्यस्थल पर गतिविधियां धीमी होने के बावजूद आप योग्यता और मेहनत से आर्थिक स्थिति सामान्य रखेंगे। मार्केटिंग संबंधी गतिविधियों पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। लाभदायक संपर्क बन सकते हैं, जो भविष्य में काम आएंगे।

मकर राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज कार्यस्थल पर अपनी उपस्थिति और फोकस रखना जरूरी है। इससे व्यवसाय में आपकी मेहनत के बेहतर परिणाम सामने आएंगे। नौकरी करने वाले लोगों को काम की अधिकता बनी रहेगी। ओवरटाइम भी करना पड़ सकता है। आज आपकी नम्रता और समझदारी आपके रिश्तों में आई नोक झोंक को दूर करेंगी। आपके द्वारा कार्य में सफलता अवश्य मिलेगी।

कुंभ राशि: आज आपका ध्यान धार्मिक कार्यों में लगा रहेगा। शाम को आप किसी सामारोह में जायेंगे जिसमें आपकी मुलाकात किसी खास व्यक्ति से होगी। आज किसी विशेष व्यक्ति से प्रभावित होकर आप भी अपनी दिनचर्या में कुछ परिवर्तन लाने की कोशिश करेंगे और कुछ नए कार्यों को भी करने में आपका ध्यान केंद्रित रहेगा।

मीन राशि: आज का दिन पहले की अपेक्षा ज्यादा लाभ दिलाने वाला रहेगा। आज आपको अपनी मेहनत पर भरोसा करके काम करना चाहिए आपके काम सफल होंगे। आज बिजनेस में मेहनत के मुताबिक नतीजे मिलेंगे और इनकम पहले से बेहतर होगी।

# जल संरक्षण के लिए अब नहीं तो कभी नहीं

**- योगेश कुमार गोयल**

जल संकट दुनिया के लगभग सभी देशों की एक विकट समस्या बन चुका है। हालांकि पृथ्वी का करीब तीन चौथाई हिस्सा पानी से लबालब है लेकिन धरती पर मौजूद पानी के विशाल स्रोत में से महज एक-डे? फीसदी पानी ही ऐसा है, जिसका उपयोग पेयजल या दैनिक क्रियाकलापों के लिए किया जाना संभव है। इसीलिए जल संरक्षण और रखरखाव को लेकर दुनियाभर में लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए प्रतिवर्ष 22 मार्च को 'विश्व जल दिवस' मनाया जाता है। यह दिवस मनाए जाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 1992 में रियो द जेनेरियो में आयोजित 'पर्यावरण तथा विकास का संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन' (यूएनसीईडी) में की गई थी। संयुक्त राष्ट्र की उसी घोषणा के बाद पहला विश्व जल दिवस 22 मार्च 1993 को मनाया गया था। सही मायनों में यह दिन जल के महत्व को जानने, समय रहते जल संरक्षण को लेकर सचेत होने तथा पानी बचाने का संकल्प लेने का दिन है। विश्व जल दिवस 2025 की थीम है 'ग्लेशियर संरक्षण'। ग्लेशियर दुनियाभर में मीठे पानी को उपलब्धता के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं लेकिन मानवीय गतिविधियों के कारण ये तेजी से पिघल रहे हैं। दुनियाभर में इस समय करीब दो अरब लोग ऐसे हैं, जिन्हें स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं हो रहा और साफ पेयजल उपलब्ध नहीं होने के कारण लाखों लोग बीमार होकर असमय काल का ग्रास बन जाते हैं।

'इंटरनेशनल एटोमिक एनर्जी एजेंसी' का कहना है कि पृथ्वी पर उपलब्ध पानी की कुल मात्रा में से मात्र तीन प्रतिशत पानी ही स्वच्छ बचा है और उसमें से भी करीब दो प्रतिशत पानी पहा?ों व ध्रुवों पर बर्फ के रूप में जमा है जबकि शेष एक प्रतिशत पानी का उपयोग ही पेयजल, सिंचाई, कृषि तथा उद्योगों के लिए किया जाता है। बाकी पानी खारा होने अथवा अन्य कारणों की वजह से उपयोगी अथवा जीवनदायी नहीं है। पृथ्वी पर उपलब्ध पानी में से इस एक प्रतिशत पानी में से भी करीब 95 फीसदी पानी भूमिगत जल के रूप में पृथ्वी की निचली परतों में उपलब्ध है और बाकी पानी पृथ्वी पर सतही जल के रूप में तालाबों, झीलों, नदियों अथवा नहरों में तथा मिट्टी में नमी के रूप में उपलब्ध है। स्पष्ट है कि पानी की हमारी अधिकांश आवश्यकताओं की पूर्ति भूमिगत जल से ही होती है लेकिन इस भूमिगत जल की मात्रा भी इतनी नहीं है कि इससे लोगों की आवश्यकताएं पूरी हो सकें। वैसे भी जनसंख्या की रफ्तार तो तेजी से ब? रही है किन्तु भूमिगत जलस्तर ब?ने के बजाय घट रहा है, ऐसे में पानी की कमी का संकट तो गहराना ही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इस समय दुनियाभर में करीब तीन बिलियन लोगों के समक्ष पानी की समस्या मुंह बाये ख?ी है और विकासशील देशों में तो यह समस्या कुछ ज्यादा ही विकराल हो रही है, जहां करीब 95 फीसदी लोग इस समस्या को झेल रहे हैं।



- भयावह होती जल संकट की तस्वीर

(विश्व जल दिवस (22 मार्च) पर विशेष)

विश्वभर में तेजी से उभरती पानी की कमी की समस्या भविष्य में खतरनाक रूप धारण कर सकती है, इसीलिए अधिकांश विशेषज्ञ आशंका जताने लगे हैं कि जिस प्रकार तेल के लिए खा?ी युद्ध होते रहे हैं, जल संकट बरकरार रहने या और ब?ते जाने के कारण आने वाले वर्षों में पानी के लिए भी विभिन्न देशों के बीच युद्ध ल? जाएंगे और हो सकता है कि अगला विश्व युद्ध भी पानी के मुद्दे को लेकर ही ल?ा जाए। संयुक्त राष्ट्र के पूर्व महासचिव कोफी अन्नान भी पूरी दुनिया को चेता चुके हैं कि उन्हें इस बात का डर है कि आगामी वर्षों में पानी की कमी गंभीर संघर्ष का कारण बन सकती है। इसीलिए यह समय की सबसे ब?ी मांग है कि दुनियाभर में लोग बेशकीमती पानी की महत्ता को समय रहते समझें और इसके संरक्षण हर स्तर पर अपना योगदान दें। दरअसल पानी का अंधाधुध दोहन करने के साथ-साथ हमने नदी, तालाबों, झरनों इत्यादि अपने पारम्परिक जलस्रोतों को भी दूषित करने में कोई कसर नहीं छो?ी है। कहा जाता रहा है कि भारत ऐसा देश है, जिसकी गोद में कभी हजारों नदियां खेलती थी लेकिन आज इन हजारों नदियों में से सैक?ों ही शेष बची हैं और वे भी अच्छी हालत में नहीं हैं। हर गांव-मौहल्ले में कुएं और तालाब हुआ करते थे, जो अब पूरी तरह गायब हो गए हैं।

महत्वपूर्ण प्रश्न यही है कि पृथ्वी की सतह पर उपयोग में आने लायक पानी की मात्रा वैसे ही बहुत कम है और यदि भूमिगत जल स्तर भी निरन्तर गिर रहा है तो हमारी पानी की आवश्यकताएं कैसे पूरी होंगी? इसके लिए हमें वर्षा के पानी पर आश्रित रहना प?ता है किन्तु वर्षा के पानी का भी सही तरीके से संग्रहण नहीं हो पाने के कारण ही इसका भी समुचित उपयोग नहीं हो पाता। वर्षा के पानी का करीब 15 फीसद वाष्प के रूप में उ? जाता है और करीब 40 फीसद पानी नदियों में बह जाता है जबकि शेष पानी जमीन द्वारा सोख लिया जाता है, जिससे थो?ा बहुत भूमिगत जल स्तर ब?ता है और मिट्टी में नमी की मात्रा में कुछ ब?ोतरी होती है। इसलिए यदि हम वर्षा के पानी का संरक्षण किए जाने की ओर खास ध्यान दें तो व्यर्थ बहकर नदियों में जाने वाले पानी का संरक्षण कर उससे पानी की कमी की पूर्ति आसानी से की जा सकती है और इस तरह जल संकट से काफी हद तक निपटा जा सकता है।

पानी को मानव की मूलभूत आवश्यकता, अमूल्य राष्ट्रीय धरोहर व अति विशिष्ट प्राकृतिक संसाधन मानते हुए 1987 में जल संसाधनों के नियोजन एवं विकास के लिए 'राष्ट्रीय जल नीति' घोषित की गई थी। इसके क्रियान्वयन के मामले में और तेजी लाने की जरूरत है। राष्ट्रीय जल नीति की घोषणा करते समय कहा गया था कि देश में उपलब्ध जल संसाधनों के विकास, संरक्षण, समुचित उपयोग एवं प्रबंधन के लिए सभी आवश्यक उपाय किए जाएंगे और जरूरी कदम उठाए जाएंगे। देश में जल संकट के विकराल रूप धारण करते जाने के पीछे



# हमने पाकिस्तान में घुसकर जवाब दिया : अमित शाह

नई दिल्ली (ए.)। संसद की कार्यवाही बार-बार स्थगित होने के कारण एक दिन तक बाधित रहने के बाद शुक्रवार को फिर से शुरू हुई। भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए शुक्रवार को 2025-26 के लिए अनुदान की विभिन्न मांगों को पारित करने की कोशिश में रही। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में गृह मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा का जवाब दिया। आज़ाद समाज पार्टी के सांसद चंद्रशेखर ने सवाल उठाया कि क्या केंद्र सरकार आशा कार्यकर्ताओं का वेतन बढ़ाने की योजना बना रही है। गृह मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा के दौरान कई सांसदों ने जनगणना न होने पर चिंता जताई। राज्यसभा में प्रश्नकाल और गैर सरकारी कामकाज को स्थगित कर गृह मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा किए जाने के फैसले के विरोध में तृणमूल कांग्रेस सदस्यों ने शुक्रवार को उच्च सदन से बहिर्गमन किया। लोकसभा ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए केंद्रीय बजट के संबंध में मंत्रालयों की बकाया मांगों को गिलोटिन के जरिए पारित किया, सदन ने संबंधित विनियोग विधेयक को भी मंजूरी दी।


लोकसभा की कार्यवाही

कांग्रेस नेता के सी वेणुगोपाल ने शुक्रवार को लोकसभा में केरल में चल रहे आशा कार्यकर्ताओं के आंदोलन का मुद्दा उठाया, जिस पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने कहा कि इस मामले पर उनके कक्ष में चर्चा की जा सकती है। गुरुवार को केरल में आशा कार्यकर्ताओं के एक वर्ग ने अपना विरोध तेज कर दिया और अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने शुक्रवार को लोकसभा में सभी सदस्यों से साल में कम से कम एक बार पूरी स्वास्थ्य जांच कराने की अपील करते हुए कहा कि ''यहां कई सदस्य हैं जो ओवरवेट हैं।'' उन्होंने कहा, ''हम आप सभी के स्वास्थ्य की चिंता रखते हैं। मेरा सभी सदस्यों से आग्रह है कि साल में कम से कम एक बार पूरी स्वास्थ्य जांच जरूर कराएं और इसके लिए स्वास्थ्य मंत्रालय तैयार बैठा है।'' लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंत्री से कहा, ''आप तो सदस्यों से कहें कि वे अपने क्षेत्र की जनता की स्वास्थ्य जांच कराएं।'' इस पर मंत्री ने कहा कि जनता की जांच तो जरूरी है ही, लेकिन सदस्यों को भी अपनी मेडिकल जांच करानी चाहिए और ''यहां बैठे कई सदस्य 'ओवरवेट' हैं। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सी आर पाटिल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में जल संरक्षण के लिए हुए कार्यों का उल्लेख करते हुए शुक्रवार को कहा कि मोदी सरकार में हर काम समय पर शुरू होता है और समय पर ही पूरा होता है। पाटिल ने लोकसभा में वर्ष 2025-26 के लिए जलशक्ति मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदानों की मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए यह भी कहा कि जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का प्रयास हो रहा है।

## नई लाशें बिछाने के लिए गड़े मुर्दे उखाड़ दिए, वह भी औरंगजेब के नाम पर : संजय राउत



नागपुर (ए.)। राज्यसभा में शुक्रवार को शिवसेना (यूबीटी) सदस्य संजय राउत ने औरंगजेब की कब्र का मुद्दा उठाते हुए कहा कि मणिपुर के बाद अब महाराष्ट्र जल रहा है और नागपुर में दंगे हो रहे हैं। शिवसेना सदस्य ने गृह मंत्रालय पर पिछले कुछ सालों में देश को पुलिस राज्य में बदलने का आरोप लगाया। गृह मंत्रालय के कामकाज पर उच्च सदन में हुयी चर्चा में भाग लेते हुए राउत ने सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि देश को अस्थिर करने की कोशिश कर रही ताकतें बार-बार औरंगजेब का नाम ले रही हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों में से कुछ महाराष्ट्र सरकार में मंत्री हैं और कुछ केंद्र सरकार में वरिष्ठ पदों पर बैठे हैं। राउत ने मुगल बादशाह की कब्र का जिक्र करते हुए आरोप लगाया, ''नयी लाशें बिछाने के लिए गड़े मुर्दे उखाड़ दिए और वह भी औरंगजेब के नाम पर। आपको औरंगजेब की कब्र तोड़नी है तो आपको किसने रोका है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राज्य और केंद्र में भाजपा की सरकार है। उन्होंने कहा कि अब तक मणिपुर जल रहा था, लेकिन अब महाराष्ट्र भी जल रहा है। राउत ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के निर्वाचन क्षेत्र में हुए ''दंगों'' का जिक्र किया। उन्होंने कहा ''पिछले 300 वर्षों में नागपुर में कोई दंगा नहीं हुआ। यह नागपुर का रिकॉर्ड रहा है।'' उन्होंने कहा ''अगर औरंगजेब का नाम लेकर बार-बार देश को अस्थिर करने की कोशिश करने वाली शक्तियां, उनमें से कुछ महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और केंद्र सरकार में वरिष्ठ पदों पर हैं...अगर हम उन्हें नहीं रोकेंगे, तो यह देश एकजुट और एकीकृत नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि देश की एकता और अखंडता को बनाए रखना गृह मंत्रालय का काम है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में देश को 'पुलिस राज्य' में बदल दिया गया है और गृह मंत्रालय राजनीतिक विरोधियों को कमजोर कर रहा है और राजनीतिक दलों को तोड़ रहा है।छत्रपति संभाजीनगर जिले में औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग को लेकर विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन के दौरान पवित्र आयत लिखी चादर जलाने की अफवाहों के बाद सोमवार शाम नागपुर के कई हिस्सों में बड़े पैमाने पर पथराव और आगजनी की घटनाएं हुईं।

## पाकिस्तान को पहुंचा रहा था अहम जानकारियां, आरोपी इंजीनियर दीपराज गिरफ्तार



### -दो अन्य संदिग्धों की तलाश जारी, केंद्रीय एजेंसियों ने की जांच शुरू

बेंगलुरु,(ए)। भारतीय खुफिया एजेंसियों ने भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के एक इंजीनियर को पाकिस्तान में अपने आकाओं से संवेदनशील जानकारियां साझा करने के आरोप में गिरफ्तार किया है, जिसमें संचार और रडार प्रणालियों से जुड़ी जानकारियां शामिल हैं। कर्नाटक के गृहमंत्री जी परमेश्वर ने बताया कि बीईएल कर्मी ने महत्वपूर्ण फैसलों और यहां निर्मित उत्पादों के बारे में जानकारी साझा की थी। उन्होंने कहा कि भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड में दीपराज चंद्रा (36) वरिष्ठ इंजीनियर के पद पर कार्यरत था। खुफिया अधिकारियों और सैन्य खुफिया अधिकारियों ने उसे पाकिस्तानी खुफिया अधिकारियों के संपर्क में रहने के कारण हिरासत में लिया है। उसने अत्यधिक गोपनीय जानकारी पाकिस्तान को भेजी थी।मंत्री ने बताया कि यूपी का रहने वाला दीपराज चंद्रा से कई जानकारियां जुटाई गईं हैं। उन्होंने कहा कि वह देशद्रोह में शामिल था। उसने देश द्वारा निर्मित उपकरणों के बारे में कई महत्वपूर्ण जानकारी और निर्णय साझा किए थे।

## राजस्थान में इस साल 10 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे : मुख्यमंत्री शर्मा

जयपुर (ए.)। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि इस साल राज्य में 10 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने भावी पीढ़ी के लिए हरा भरा और स्वस्थ राजस्थान बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। शर्मा ने विश्व वानिकी दिवस के मौके पर यहां राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से प्रेरणा लेकर राज्य सरकार ने मिशन हरियालो राजस्थान के तहत 50 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है, जिसके अंतर्गत वर्ष 2024-25 में प्रदेश में सात करोड़ पौधे लगाए गए तथा बजट वर्ष 2025-26 की घोषणा की अनुपालना में इस वर्ष 10 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा, ''प्रकृति हमारे जीवन का आधार है। हमारी संस्कृति में पेड़, प्रकृति एवं पहाड़ों की पूजा की जाती है तथा राजस्थान का पर्यावरण संरक्षण से पुराना



नाता रहा है। उन्होंने कहा, ''हम वनों को बचाने और अपनी जैव-विविधता को संरक्षित करने के साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरा भरा और स्वस्थ राजस्थान बनाने का संकल्प लें।

## झांसी में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला महिला का शव, हत्या का अंदेशा

झांसी (ए.)। झांसी के कोतवाली थाना क्षेत्र इलाके में संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला का शव उसके कमरे से बरामद किया गया है। पुलिस को संदेह है कि उसकी हत्या की गई है। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि मामले में महिला के पति और उसके एक दोस्त को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक (नगर) ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने बताया बृहस्पतिवार देर रात मिली सूचना के आधार पर लक्ष्मीगेट क्षेत्र में रहने वाली संगीता अहिरवार (36) का शव उसके घर से बरामद किया गया। सिंह ने बताया कि महिला के गले व आंखों के पास चोट के निशान भी थे। सिंह ने बताया कि जिस कमरे से शव बरामद किया गया, उसी कमरे में महिला के पति रविंद्र अहिरवार तथा उसके एक दोस्त रोहित वाल्मीकि अत्यधिक नशे की हालत में पाए गए।

## दिल्ली में प्रदूषण कम करने में भाजपा सफल, 'आप' पर सिरसा का हमला



नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली सरकार में मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने शुक्रवार को दावा किया कि भाजपा सरकार बनने के बाद से दिल्ली में प्रदूषण कम करने के लिए लगातार काम हो रहा है और इसमें सफलता भी मिल रही है। सिरसा ने कहा कि हवा की गुणवत्ता में सुधार हो रहा है और कई दिन साफ रहे हैं। उन्होंने पिछले तीन साल के रिकॉर्ड तोड़ने का दावा करते हुए आम आदमी पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए। सिरसा ने कहा कि 'आप' इस सफलता से परेशान है और जानबूझकर दिल्ली की हवा को खराब करने की कोशिश कर रही है। सिरसा ने 'आप' पर सनसनीखेज आरोप लगाते हुए कहा कि 'आप' कार्यकर्ता पार्कों में कूड़ा इकट्ठा करके आग लगा रहे हैं, ताकि हवा गंदी हो और भाजपा की छवि खराब हो। उन्होंने इसकी एक वीडियो भी शेयर की, जिसमें राजौरी गार्डन के बिंद्रा पार्क के बाहर आग लगाई गई थी। सिरसा ने कहा, मुझे दुख है कि आप इस हद तक गिर गई है कि वह दिल्ली को बदनाम करने के लिए ऐसे हथकंडे अपना रही है। उन्होंने 'आप' नेता आतिशी और अरविंद केजरीवाल से अपील की कि वे भाजपा को काम करने दें और अड़चन न डालें। सिरसा ने आतिशी को चुनौती देते हुए कहा, अगर आप निष्पक्ष जांच चाहती हैं, तो खुद जाकर अपने कार्यकर्ताओं और निगम के खिलाफ केस दर्ज करें। पता करें कि कौन लोग दिल्ली की हवा को गंदा करने की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि पूर्व सीएम आतिशी इस पर कार्रवाई करेंगी। सिरसा ने 'आप' की मानसिकता पर सवाल उठाते हुए कहा कि वह दिल्लीवालों के लिए मुश्किलें बढ़ाना चाहती है और उन्हें साफ हवा से वंचित रखना चाहती है। उन्होंने इस हरकत की कड़ी निंदा की और कहा कि दिल्ली के लोग 'आप' की सच्चाई देख रहे हैं। सिरसा ने भाजपा सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदूषण कम करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं, जैसे पुरानी गाड़ियों पर रोक, इलेक्ट्रिक बसों का इस्तेमाल और हरियाली बढ़ाने की योजना। उन्होंने दावा किया कि इन प्रयासों से हवा की गुणवत्ता में सुधार दिख रहा है। दूसरी ओर, 'आप' पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि वह सिर्फ राजनीति करना चाहती है और दिल्ली के विकास में रोड़े अटकाना उसकी फितरत है।

## पाकिस्तान उच्चायोग ने दिल्ली में दी इफ्तार पार्टी, कई नेता हुए शामिल

नई दिल्ली,(ए)। रमजान का मुबारक महीना चल रहा है। रमजान में दिल्ली में कई इफ्तार पार्टियों का आयोजन किया जाता है। वहीं गुरुवार को नई दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग में भी इफ्तार पार्टी का आयोयजन किया। इस इफ्तार पार्टी में इंडियन नेशनल लोकदल के नेता अभय चौटाला, पूर्व केंद्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर ने भी इस इफ्तार पार्टी में शामिल हुए इफ्तार पार्टी में हिस्सा लेने के बाद चौटाला ने कहा कि इफ्तार पार्टी में शामिल होकर मैं खुश हूं। उन्होंने कहा कि ऐसी पार्टियों के जरिए हल निकलने का रास्ता साफ हो सकता है। उन्होंने कहा कि बजाज चौधरी के साथ हमारे रिश्ते अच्छे हैं। चौटाला ने कहा कि मैं खुश हूं कि हमें आमंत्रित किया गया। इफ्तार के बहाने हम मिल सके।

## श्रद्धालुओं की यात्रा बनी दर्दनाक हादसा, ट्रॉले की टक्कर से 3 की मौत

कोटपूतली (आरएनएस)। दिल्ली से खाटूश्यामजी के दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं की गाड़ी को शुक्रवार सुबह दर्दनाक हादसे का शिकार होना पड़ा। कोटपूतली में एक तेज रफ्तार ट्रॉले ने कार को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे दो महिलाओं और एक मासूम बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा दिल्ली-जयपुर हाईवे (NH-4}) पर मोरदा पुलिया के पास सुबह 6 बजे हुआ। दुर्घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और पुलिस को खबर दी। पनियाला थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को एम्बुलेंस से राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल भेजा, जहां चार की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जयपुर रेफर कर दिया गया।

हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया, जिसे पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद खुलवाया। मृतकों और घायलों की पहचान की जा रही है, वे सभी उत्तर प्रदेश और हरियाणा के निवासी बताए जा रहे हैं। खाटूश्यामजी के दर्शन के लिए निकले श्रद्धालु शायद ही सोच सकते थे कि रास्ते में उनकी यात्रा हादसे में बदल जाएगी। यह दुर्घटना हाईवे पर तेज रफ्तार और लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण हुई, जो एक बार फिर सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े करती है।

## एनसीआर में धीरे-धीरे शुरू होगा गर्मी का असर, अधिकतम और न्यूनतम तापमान में भी होगी वृद्धि



नोएडा (आरएनएस)। एनसीआर में मौसम फिलहाल सामान्य है और लोगों को ज्यादा तेज गर्मी का सामना नहीं करना पड़ रहा है, लेकिन इस हफ्ते धीरे-धीरे मौसम गर्मी की तरफ बढ़ेगा और अधिकतम व न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। मौसम विभाग की मानें तो आने वाले हफ्तों में भी तेजी से मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा और लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। मौसम विभाग ने यह भी अनुमान लगाया है कि इस बार गर्मी के मौसम में भयंकर हीट स्ट्रोक का सामना एनसीआर के लोगों को करना पड़ सकता है। 27 मार्च तक अधिकतम तापमान 37 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19 डिग्री तक पहुंचने की आशंका बनी हुई है। मौसम विभाग द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक 21 मार्च को आसमान पूरी तरह से खुला रहेगा और अधिकतम तापमान 34 डिग्री और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री रहने की उम्मीद है। 22 मार्च को मौसम विभाग के मुताबिक अधिकतम तापमान 34 डिग्री और न्यूनतम तापमान 16 डिग्री रहने की उम्मीद है। 23 मार्च को अधिकतम तापमान 34 डिग्री और न्यूनतम तापमान 15 डिग्री पहुंचने की आशंका जताई गई है। इसके पीछे का कारण एनसीआर में चल रही तेज हवाओं का असर बताया जा रहा है। इसके बाद मौसम विभाग ने जो आंकड़े जारी किए हैं, उनके मुताबिक 24 मार्च को अधिकतम तापमान 36 डिग्री और न्यूनतम तापमान 16 डिग्री रहने की संभावना जताई गई है।

## भीलवाड़ा में टक्कर के बाद कई गाड़ियों में लगी भीषण आग, चालक की जलकर मौत

भीलवाड़ा (आरएनएस)। राजस्थान के भीलवाड़ा में शुक्रवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। जिले के मांडलगढ़ के लाडपुरा चौराहे पर तेज गति से आ रहे सीमेंट के टैंकर ने आगे चल रहे टैंकरों को टक्कर मार दी। टक्कर के कारण तीन गाड़ियों में भीषण आग लग गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। टैंकर चालक आग की चपेट में आ गया और जिंदा जलकर उसकी दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद हाइवे पर लंबा जाम लग गया, जिससे ट्रैफिक जाम हो गया। हादसे की सूचना मिलने ही मांडलगढ़ थाना पुलिस और दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे। दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक टैंकर जलकर खाक हो चुके थे। पुलिस ने मृतक चालक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और हादसे के कारणों की जांच शुरू की। शुरुआती जांच में सामने आया है कि तेज रफ्तार और ओवरटेकिंग के प्रयास में टैंकर आपस में टकरा गए, जिससे यह भीषण हादसा हुआ। यह हादसा सुबह करीब 6-15 बजे हुआ। बता दें कि राजस्थान में बीकानेर के देशनोक इलाके में स्थित ओवर ब्रिज पर बुधवार आधी रात को एक ट्रोला ओवरटेक करने के प्रयास



के दौरान पास से गुजर रही कार पर पलट गया था। इस हादसे में कार में सवार सभी छह लोगों की मौत हो गई थी। सभी मृतक शादी समारोह में शामिल होकर वापस अपने घर लौट रहे थे। हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया था।

घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची देशनोक पुलिस ने क्रेन और तीन जेसीबी की मदद से ट्रोले को किनारे कराया था। इसके बाद कार सवार सभी लोगों को निकालकर अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। कार नोखा की तरफ जा रही थी।

## जोधपुर में प्रॉपर्टी डीलर की हत्या : मोबाइल को लेकर हुए विवाद में वारदात, दो आरोपी हिरासत में

जोधपुर(आरएनएस)। शहर के झालामंड इलाके में एक प्रॉपर्टी डीलर की हत्या ने सनसनी फैला दी। मामूली विवाद महज एक मोबाइल फोन को लेकर था, लेकिन उसने एक जान ले ली। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को हिरासत में लिया है, जबकि इलाके के लोग कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर थाने पहुंच गए। थाना अधिकारी हमीर सिंह के अनुसार, मृतक चंदनसिंह राठौड़ मीरा नगर का निवासी था। उसके दो छोटे बच्चे हैं। वारदात के समय उसका छोटा भाई भवानी भी मौजूद था। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि घटना से पहले चंदन सिंह ने आरोपियों के साथ पार्टी की थी।पार्टी के बाद जब वह अपनी स्कॉर्पियो में बैठकर घर के लिए निकले, तब एक युवक का मोबाइल उनकी गाड़ी में रह गया। जब देर रात आरोपी ने मोबाइल वापस मांगा, तो चंदन सिंह ने उसे सुबह लौटाने की बात कही। बस, इतनी-सी बात पर विवाद बढ़ गया। मोबाइल को लेकर शुरू हुई बहस जल्द ही गाली-गलौज में बदल गई। आरोपियों ने चंदन सिंह को जबरदस्ती घर से बाहर बुलाया और घातक हमला कर दिया। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोग गुस्से में हैं।

## अजनाला थाने पर हमला करने वाले सांसद अमृतपाल सिंह के 7 साथी कोर्ट में पेश, पुलिस को मिली चार दिन की रिमांड




अमृतसर (आरएनएस)। असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद सांसद अमृतपाल सिंह के सात साथियों को अजनाला थाने पर हुए हमले से संबंधित मामले में अजनाला अदालत में पेश किया गया। इन सात आरोपियों पर अजनाला थाने में दर्ज 39 नंबर एफआईआर के तहत आरोप हैं। अदालत में पेशी के बाद पुलिस ने इन आरोपियों के 7 दिन के पुलिस रिमांड की मांग की, लेकिन अदालत ने 4 दिन की रिमांड दी। अब पुलिस इन आरोपियों से पूछताछ करेगी, जिसमें उनके मोबाइल फोन की बरामदगी और हथियारों सहित अन्य जरूरी सामान के बारे में जानकारी प्राप्त की जाएगी। अमृतपाल के जिन साथियों को अदालत में पेश किया गया, उनमें बसंत सिंह, भगवंत सिंह बाजेखाना, गुरमीत सिंह बुक्कनवाला, सरबजीत सिंह कलसी, रणजीत सिंह कलसी, गुरिंदर पाल सिंह गुरी औजला, और हरजीत सिंह उर्फ चाचा के नाम शामिल हैं। यह मामला तब सामने आया था, जब अमृतपाल सिंह के नेतृत्व में करीब 200-250 हथियारों से लैस समर्थकों की भीड़ ने 23 फरवरी 2023 को अजनाला थाने पर हमला किया। इस हमले का मकसद लवप्रीत सिंह तूफान को पुलिस की हिरासत से छुड़ाना था। पुलिस ने भीड़ को रोकने के लिए बैरीकेड लगाए थे, लेकिन अमृतपाल के समर्थक उन्हें तोड़कर थाने के अंदर घुस गए और अपने साथी को छुड़ा लिया। इस दौरान छह पुलिसकर्मी भी घायल हो गए थे। इस घटना के बाद से अमृतपाल सिंह पुलिस की रडार पर था और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। बताया जा रहा है कि पुलिस अब इस मामले में कार्रवाई तेज करने की दिशा में काम कर रही है और अमृतपाल सिंह के अन्य साथियों से पूछताछ करके जांच को आगे बढ़ाएगी।

## आप ने संगठन में किया बड़ा बदलाव, मनीष सिसोदिया बनाए गए पंजाब के प्रभारी



नई दिल्ली (आरएनएस)। आम आदमी पार्टी की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी (पीएसी) की बैठक हुई। बैठक में आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल द्वारा बड़े फैसले लिए गए हैं। उन्होंने मनीष सिसोदिया को पंजाब प्रभारी नियुक्त किया है, इसी तरह सत्येंद्र जैन को पंजाब का ही सह प्रभारी बनाया गया है।दिल्ली की जिम्मेदारी सौरभ भारद्वाज को मिली है। सौरभ को अब दिल्ली का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। गोपाल राय को अरविंद केजरीवाल ने अब गुजरात भेज दिया है, वे वहां के प्रभारी नियुक्त किए गए हैं।

## मुंबई के वर्ली में बाइक सवार ने बुजुर्ग को मारी टक्कर, इलाज के दौरान मौत



मुंबई (आरएनएस)। मुंबई के वर्ली इलाके में एक दिल दहला देने वाला हिट एंड रन मामला सामने आया है, जिसमें 85 वर्षीय बुजुर्ग बलराज परमानंद मेहरा की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, वे अपनी प्रॉपर्टी का निरीक्षण करने के बाद पैदल घर लौट रहे थे, तभी तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी और आरोपी मौके से फरार हो गया। इसके बाद आनन-फानन में बुजुर्ग को घायल अवस्था में नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। बलराज मेहरा एक प्रतिष्ठित व्यवसायी थे। घटना के बाद दादर पुलिस स्टेशन ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ हिट एंड रन और मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू की और बाइक चालक की पहचान की। पुलिस ने बताया कि बाइक चालक की पहचान यश नंदकुमार गावकर (22) के रूप में हुई, जो मुंबई के वर्ली पुलिस कॉलोनी का निवासी है। यश गावकर मुंबई पुलिस में तैनात कांस्टेबल का बेटा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए दादर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया और उससे प्रारंभिक पूछताछ की। हालांकि, उसे तुरंत गिरफ्तार नहीं किया गया है। आरोपी को नोटिस जारी कर जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया गया है।दादर पुलिस स्टेशन के अधिकारियों का कहना है कि वे पूरी सख्ती से मामले की जांच करेंगे और दोषी को कड़ी सजा दिलवाने के लिए हर संभव कदम उठाएंगे।

## परिणीति चोपड़ा ने हिमाचल प्रदेश में अपने शूटिंग शेड्यूल की झलक दिखाई

हिमाचल प्रदेश(आरएनएस)। अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर हिमाचल प्रदेश में अपने शूटिंग शेड्यूल की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। पर्दे के पीछे के पल साझा करते हुए अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने हिमाचल प्रदेश में फिल्म शूटिंग के दौरान अपने व्यस्त लेकिन खूबसूरत अनुभव की झलक दिखाई। गुरुवार को परिणीति ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर हिमाचल प्रदेश की सुंदरता को दिखाते हुए कुछ तस्वीरें और वीडियो पोस्ट किए, जिसमें पहाड़ और हरी-भरी हरियाली दिख रही थी।अभिनेत्री ने कैमरे की तरफ देखकर एक वीडियो भी शेयर किया। एक फोटो में लिखा था, दूसरा शेड्यूल शुरू। उन्होंने लोकेशन, हिमाचल प्रदेश को टैग भी किया। पिछले हफ्ते, इश्कजादे अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने अपने पति और राजनेता राघव चड्ढा पर गर्व जताते हुए खुद को हार्वर्ड की पत्नी बताया।

# स्त्री 2 रचने वाली है नया कीर्तिमान, 600 करोड़ का आंकड़ा पार कुछ ही करोड़ रह गई दूर

## -प्रभास की बाहुबली 2 का तोड़ दिया रिकॉर्ड

हर गुजरते हफ्ते के साथ, श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव स्टारर और अमर कौशिक द्वारा निर्देशित हॉरर कॉमेडी फिल्म 'स्त्री 2' बॉक्स ऑफिस पर एक नया बेंचमार्क सेट कर रही है, जिसे तोड़ना भविष्य की फिल्मों के लिए बेहद मुश्किल होगा. ये फिल्म पहले से ही हिंदी सिनेमा में शाहरुख खान की जवान को भी मात देकर सबसे बड़ी फिल्म चुकी है. वहीं अब 'स्त्री 2' ने एक और कमाल कर दिखाया है.2018 की हिट फिल्म 'स्त्री ' की सीक्वल ने बॉक्स ऑफिस पर अपना 5वां हफ्ता भी पूरा कर लिया है, और पिछले 7 दिनों में 24.65 करोड़ रुपये की कमाई की है, जिसमें वीकेंड में इसने लगभग 15.5 करोड़ रुपये आए कमाए थे. और इस नंबर के साथ, फिल्म ने एसएस राजामौली और प्रभास की 'बाहुबली 2- द कन्क्लूजन' के पिछले 7 सालों के रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया है. दरअसल 'बाहुबली 2' ने पांचवें हफ्ते में देश की सभी भाषाओं में लगभग 24.5 करोड़ रुपये की कमाई की थी, जबकि स्त्री 2 ने एक भाषा में 24.65 रुपये की कमाई की है. अगर केवल हिंदी भाषा में 'स्त्री 2' के कलेक्शन को देखें तो इस फिल्म ने अपने वीकेंड के कलेक्शन के साथ, रणबीर कपूर की एनिमल (7.18 करोड़ रुपये), सनी देओल की गदर 2 (7.28 करोड़ रुपये) और शाहरुख खान की जवान (9.71 करोड़ रुपये) जैसी हिंदी सिनेमा की सबसे बड़ी हिट फिल्मों के 5वें सप्ताह के आंकड़ों को पछाड़ दिया है.'स्त्री 2' ने अपनी लागत से कई गुना ज्यादा कमाई कर ली है. इस फिल्म की घरेलू बाजार में कमाई



की बात करें तो तरण आदर्श द्वारा शेयर किए गए आंकड़ों के मुताबिक इस फिल्म ने पांच हफ्तों में यानी रिलीज के 36 दिनों में 589.90 करोड़ की कमाई कर ली है. अब ये 600 करोड़ का आंकड़ा पार करने से कुछ ही करोड़ दूर रह गई है. उम्मीद है कि छठे वीकेंड पर फिल्म इस नंबर को पार कर लेगी और हिंदी में 600 करोड़ का नया क्लब भी शुरू कर देगी. बता दें कि स्त्री 2 दिनेश विजान की हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की स्त्री, रूही, भेड़िया और मुंज्या के बाद पांचवीं फिल्म है. इस मूवी में राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर के अलावा पंकज त्रिपाठी, अभिषेक बनर्जी और अपारशक्ति खुराना ने अहम रोल प्ले किया है.

## करीना कपूर की द बकिंघम मर्डर्स ने तोड़ा दम, 7 दिन बाद भी नहीं कमा पाई 10 करोड़

करीना कपूर खान इस समय अपनी लेटेस्ट बॉलीवुड रिलीज द बकिंघम मर्डर्स को लेकर चर्चा में बनी हुई है. हंसल मेहता द्वारा निर्देशित, इन्वेस्टिगेशन-थ्रिलर में करीना की दमदार एक्टिंग की तो काफी तारीफ हो रही है लेकिन ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बेहद निराशाजनक परफॉर्म कर रही है. फिल्म की कमाई की रफ्तार बेहद धीमी है. चलिए यहां जानते हैं द बकिंघम मर्डर्स ने रिलीज के 7वें दिन कितना कलेक्शन किया है? अच्छे बज के बीच, करीना कपूर स्टारर द बकिंघम मर्डर्स 13 सितंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. हालांकि सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद इस फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स से मिला-जुला रिव्यू मिला. इसी के साथ ये फिल्म रिलीज के पहले दिन से ही ऑडियंस को सिनेमाघरों तक खींचने के लिए संघर्ष कर रही है और कमाई के मामले में भी काफी पिछड़ गई है. यहां तक कि रिलीज का एक हफ्ता पूरा होने से पहले ही ये लाखों में सिमट गई. आलम ये है कि अब तो द बकिंघम मर्डर्स के लाखों कमाने में भी पसीने छूट रहे हैं.इन सबके बीच फिल्म के अब तक के कलेक्शन की बात करें तो द बकिंघम मर्डर्स की पहले दिन की कमाई 1.15 करोड़ रही थी. दूसरे दिन फिल्म ने 1.95 करोड़ कमाए. तीसरे दिन द बकिंघम मर्डर्स का कलेक्शन 2.15 करोड़ रहा और चौथे दिन फिल्म ने 80 लाख रुपये कमाए। वहीं पांचवे दिन फिल्म का कारोबार 75 लाख और छठे दिन 50 लाख रहा. अब द बकिंघम मर्डर्स की रिलीज के सातवें दिन यानी गुरुवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं. सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक द बकिंघम मर्डर्स ने रिलीज के 7वें दिन महज 23 लाख की कमाई की है. इसी के साथ द बकिंघम मर्डर्स के 7 दिनों का कुल कलेक्शन अब 7.53 करोड़ रुपये हो गया है. द बकिंघम मर्डर्स को रिलीज हुए महज एक हफ्ता हुआ है और इसने बॉक्स ऑफिस पर दम तोड़ दिया है. ये फिल्म रिलीज के चौथे दिन से ही लाखों में सिमट गई थी और अब तो इसके लिए मुट्ठीभर कलेक्शन करना भी मुश्किल हो रहा है।

## अनन्या पांडे ने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान शेयर किया हॉट लुक, फोटोज देख बेकाबू हुए फैंस



बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे आए दिन अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। उनका स्टनिंग अंदाज इंस्टाग्राम पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। वो जब भी अपनी फोटोज सोशल मीडिया पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक पर अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं देने लगते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की बेहद ही शानदार फोटोज शेयर की हैं, जिसमें वो किलर पोज दे रही हैं।बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे आए दिन अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। उनका बोल्ड लुक इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगता है।अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना लुक देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।एक्ट्रेस अनन्या पांडे जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर प्रतिक्रियाएं देते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने व्हाइट कलर का टॉप और साथ ही स्किन फिट पेंट पहनी हुई है।खुले बाल और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक फैंस के दिलों पर खंजर चला रहा है। बता दें कि एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी तगड़ी है।

### सिंघम अगेन नहीं हुई पोस्टपोन, दिवाली पर कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 3 से होगा क्लैश

अजय देवगन और करीना कपूर खान स्टारर कॉप एक्शन फिल्म सिंघम अगेन को लेकर बड़ा अपडेट आया है. फिल्म सिंघम अगेन की रिलीज डेट नहीं बदली है. अजय देवगन की सिंघम अगेन दिवाली के मौके पर ही रिलीज होगी. अटकलें थीं कि कार्तिक आर्यन ने अपनी फिल्म भूल भुलैया 3 से क्लेश ना हो इसलिए उन्होंने रोहित शेट्टी से फिल्म की रिलीज डेट बदलने का अनुरोध किया है. दिग्गज फिल्म समीक्षक अब तरण आदर्श ने अपने लेटेस्ट पोस्ट से इन सभी अटकलों को खारिज कर दिया है.तरण आदर्श ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है, फिल्म सिंघम अगेन आगे नहीं बढ़ रही है, फिल्म दिवाली पर ही रिलीज होगी, सिंघम अगेन पोस्टपोन नहीं हुई है, और ना ही यह किसी नई डेट पर खिसक रही है. यह इस दिवाली पर आ रही है।

# अल्लू अर्जुन सर और एनटीआर सर ने आय में मेरे अभिनय की सराहना की: नयन सारिका

***नयन सारिका फिलहाल आय की सफ़लता का लुत्फ़ उठा रही हैं। वह इस बात से रोमांचित हैं कि उनकी भूमिका पल्लवी ने दर्शकों को प्रभावित किया है। अभिनेत्री ने तेलुगु दर्शकों के प्रति अपना प्यार बरसाने के लिए आभार व्यक्त किया। तेलुगु दर्शकों द्वारा इतना प्यार बरसाना देखकर बहुत अच्छा लगा। मैं उनकी बहुत आभारी हूँ और टॉलीवुड में इससे बेहतर शुरुआत की उम्मीद नहीं कर सकती।***

यह सफ़लता एक सामूहिक प्रयास का नतीजा है, यह मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से बहुत मायने रखती है। नयन सारिका ने कहा मैं प्रतिष्ठित गीता आर्ट्स और निर्देशक अंजी सर को फ़िल्म का हिस्सा बनने का अवसर देने के लिए धन्यवाद देना चाहती हूँ.

नयन हमेशा से ही अभिनेत्री बनना चाहती थीं; वह अपने स्कूल और कॉलेज के दौरान नाटकों में सक्रिय थीं। जब उन्हें आय में भूमिका के लिए संपर्क किया गया, तो वह अभिनेत्री बनने के अपने सपने को पूरा करने के लिए उत्साहित थीं। अभिनेत्री ने कहा, नार्ने नितिन और मैंने तैयारी के हिस्से के रूप



में शूटिंग से पहले कुछ कार्यशालाएँ और अभ्यास किए हैं। मैंने अपनी तेलुगु के लिए भी प्रशिक्षण प्राप्त किया है, और मेरे कर्मचारियों ने भी मेरी पंक्तियों को सही ढंग से बोलने में मेरी मदद की है। बहुत कम उम्र में अपना करियर शुरू करने वाली नयन अपनी शिक्षा से समझौता नहीं करना चाहती थीं। उन्होंने हमेशा अपनी डिग्री समय पर पूरी करने को प्राथमिकता दी। वास्तव में, उन्होंने आय की शूटिंग के साथ-साथ अपनी अंतिम परीक्षाएँ भी दी। मैं फ़िल्म सेट पर किताबें और अध्ययन सामग्री ले जाती थी। जब मैं आय की शूटिंग कर रही थी, तब मैं अपने अंतिम वर्ष की परीक्षाएँ दे रही थी, इसलिए मैंने एक कारवां में पढ़ाई की, पढ़ाई और फ़िल्मों के बीच संतुलन बनाना वाकई चुनौतीपूर्ण था, वह याद करती हैं।

आय की सफलता के एक हिस्से के रूप में, नयन (फिल्म की टीम के साथ) हाल ही में सुपरस्टार अल्लू अर्जुन और जूनियर एनटीआर से मिले। दोनों सितारों ने सफलता पर टीम को बधाई दी, और उनकी तारीफ भी की। जूनियर एनटीआर सर ने कहा कि मैंने अपने किरदार को सहजता से निभाया, और अल्लू अर्जुन सर ने कहा कि उन्हें यह जानकर आश्चर्य हुआ कि मैं दक्षिण भारतीय नहीं हूँ। अल्लू अरविंद सर ने भी कहा कि मेरी आँखें अभिव्यंजक हैं। नयन सारिका ने इतने बड़े सितारों से तारीफ मिलना एक बड़ी मान्यता है.

## सनी सिंह की नई फिल्म अमर प्रेम की प्रेम कहानी का हुआ ऐलान, पहला पोस्टर जारी



सनी सिंह को आखिरी बार फिल्म वाइल्ड वाइल्ड पंजाब में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हुई।इस फिल्म में वरुण शर्मा, जस्सी गिल और मनजोत सिंह जैसे सितारे भी नजर आएंगे। यह फिल्म 10 जुलाई, 2024 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी।अब सनी ने अपनी नई फिल्म का ऐलान कर दिया है, जिसका नाम अमर प्रेम की प्रेम कहानी है।इस फिल्म में सनी के साथ अभिनेता आदित्य सील भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।अमर प्रेम की प्रेम कहानी का पहला पोस्टर भी सामने आ गया है, जिसमें सनी और आदित्य की झलक दिख रही है। पोस्टर में न केवल आदित्य सील और सनी सिंह के बीच की केमिस्ट्री दिखाई गई है, बल्कि यह भावनात्मक रूप से चार्ज की गई कहानी के लिए टोन भी सेट करता है। कैप्शन में लिखा है, जोड़ी इनकी है निराली, अमर और प्रेम अपनी कहानी लेकर आ गए हैं ऋअमरप्रेमकीप्रेमकहानी 4 अक्टूबर से स्ट्रीमिंग होगी, केवल जियो सिनेमा प्रीमियम पर। फिल्म का निर्माण ज्योति देशपांडे, पार्थ गज्जर और पूनम श्रॉफ सहित एक गतिशील टीम द्वारा किया गया है। उनकी संयुक्त विशेषज्ञता एक उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादन का वादा करती है जो कहानी की भावनात्मक गहराई और सांस्कृतिक महत्व दोनों को दर्शाती है।अमर प्रेम की प्रेम कहानी एक ऐतिहासिक फिल्म होने का वादा करती है, जिसमें आदित्य सील और सनी सिंह एक ऐसी कहानी में शक्तिशाली प्रदर्शन करते हैं जो समलैंगिक प्रेम का जश्न मनाती है।

### अद्वय की पैन इंडिया फिल्म सुब्रह्मण्यम का फर्स्ट लुक पोस्टर आउट

कन्नड़ सुपरस्टार डॉ. शिव राजकुमार ने आगामी पैन इंडिया फिल्म सुब्रह्मण्य में मुख्य अभिनेता अद्वय का ध्यान आकर्षित करने वाला पहला लुक लॉन्च किया है। पी. रविशंकर द्वारा निर्देशित, सामाजिक-काल्पनिक साहसिक फिल्म का निर्माण थिरुमल रेड्डी और अनिल कडियाला ने एसजी मूवी क्रिएशन के बैनर तले किया है। विनायक चतुर्थी के अवसर पर अनावरण किए गए फिल्म के पहले पोस्टर में अद्वय को मुख्य भूमिका में दिखाया गया है, जो विशेष रूप से डिज़ाइन की गई पोशाक पहने हुए हैं और अपनी तीव्रता दिखा रहे हैं।

60त्न निर्माण पूरा हो जाने के बाद, मुंबई के रेड चिलीज़ स्टूडियो में पोस्ट-प्रोडक्शन का काम चल रहा है, मुंबई, हैदराबाद, बैंगलोर और चेन्नई के प्रमुख स्टूडियो में वीएफएक्स और सीजीआई का काम चल रहा है। फिल्म में बेहतरीन तकनीकी विशेषज्ञता है, जिसमें रवि बसरूर का संगीत, विग्नेश राज की सिनेमैटोग्राफी, विजय एम कुमार का संपादन और उल्लास हैदराबाद का प्रोडक्शन डिज़ाइन शामिल है।

## वेट्टैयन का पहला गाना जारी, डांस नंबर मनासिलायो में जोश में थिरकते दिखे रजनीकांत-मंजू वारियर

सुपरस्टार रजनीकांत की वेट्टैयन इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म के लिए सुपरस्टार ने निर्देशक टीजे ज्ञानवेल के साथ हाथ मिलाया है। हाल ही में निर्माताओं ने वेट्टैयन का नया पोस्टर साझा करते हुए फिल्म के पहले गाने को रिलीज करने का खुलासा किया था। साथ ही गाने की रिलीज डेट से भी पर्दा उठाया था। वहीं, बीते दिन निर्माताओं ने पहले गाने का टीजर जारी किया है। आखिरकार अब फिल्म से निर्माताओं ने पहला गाना जारी कर दिया है।रजनीकांत की आगामी वेट्टैयन के पहले गीत मनासिलायो की एक झलक के साथ प्रशंसकों का उत्साह बढ़ाने के बाद निर्माताओं ने आखिरकार पूरा ट्रैक जारी कर दिया है। अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा रचित इस अपबीट डांस नंबर में दिवंगत भारतीय पार्श्व गायक मलेशिया वासुदेवन की एआई आवाज है।मनासिलायो एक डांस नंबर है। गाने के वीडियो में रजनीकांत, मंजू वारियर और अनिरुद्ध रविचंदर जोश से नाचते हुए नजर आ रहे हैं। उत्सव के माहौल में सेट किए गए इस गाने का शीर्षक मनासिलायो रजनीकांत की पिछली ब्लॉकबस्टर फिल्म जेलर में उनके प्रतिष्ठित संवाद से लिया गया है। अनिरुद्ध ने इंस्टाग्राम पर मनासिलायो की रिलीज की घोषणा करते हुए एक मोंटाज शेयर किया। उन्होंने निर्माताओं और दिवंगत गायक के प्रति आभार व्यक्त किया।

# अगर आप भी रोजाना लगाती हैं लिपस्टिक, तो आज ही जानें इसके नुकसान

इन दिनों स्कूल से लेकर ऑफिस जाने वाली हर महिला लिपस्टिक का इस्तेमाल करती है. लिपस्टिक में अलग अलग रंग मौजूद होते है. वहीं काफी सारी लड़कियां तो लिपस्टिक का इस्तेमाल अपने कपड़े के रंग के साथ मैच करती है. इन दिनों लड़कियां बिना लिपस्टिक के तो घर से बाहर जाने के बारे में सोच ही नहीं सकती है. वहीं काफी सारी महिलाओं का पहला प्यार लिपस्टिक होती है. लेकिन क्या आप जानते है कि अगर आप रोजाना लिपस्टिक का इस्तेमाल करती है, तो ये आपके लिए कितना ज्यादा खतरनाक साबित हो सकता है. आइए आपको इसके नुकसान के बारे में बताते है.

### होंठों का नेचुरल रंग खराब

हमेशा लिपस्टिक लगाए रखने से होंठों का जो नेचुरल रंग होत है वो काफी ज्यादा प्रभावित होता है. इसका जो कारण है वो है लिपस्टिक में अलग अलग टाइप के केमिकल्स होते हैं. जो कि होठों के नेचुरल रंग को काफी ज्यादा प्रभावित करता है.

### होठों में रूखापन

अगर आप रोजाना लिपस्टिक का इस्तेमाल करती हैं, तो इससे आपके होठों में रूखापन आ जाता है. वहीं लिपस्टिक में मौजूद जो केमिकल्स होते है. उसकी वजह से होठों की जो नमी होती है, वो चली जाती है और आपके होंठ सूख जाते है और फट जाते हैं.

### क्वालिटी का ध्यान रखें

आप जब भी लिपस्टिक लगाएं तो कोशिश करें कि आप हमेशा बेस्ट क्वालिटी की लिपस्टिक ही लगाएं. अगर आप अच्छी क्वालिटी की



लिपस्टिक नहीं लगाएंगे तो इससे आपको एलर्जी भी हो सकती है.

### लिपस्टिक को चाटना खतरनाक

काफी सारी लड़कियों की आदत होती है कि वो अपनी लिपस्टिक को चाट जाती हैं. जिसकी वजह से उनके शरीर में काफी सारे केमिकल्स चले जाते है. जो कि आपके शरीर को नुकसान पहुंचाता है.

### काले होंठ

अगर आप रोजाना लिपस्टिक लगाती है और उसके बाद लगाना बंद कर देते है, तो इससे आपके होंठों पर काले धब्बे पड़ने लगते हैं. जो कि काफी ज्यादा खराब लगते हैं.

# बार-बार छींक आने पर करें ये घरेलू उपाय, मिनटों में मिलेगी राहत



बदलते मौसम में या फिर बरसात के मौसम में सर्दी- जुकाम होना एक आम समस्या है. कई बार धूल-मिट्टी से एलर्जी,कमजोर इम्यूनिटी इसका कारण हो सकता है. लेकिन कई बार कुछ लोगों को सर्दी-जुकाम होने पर बार-बार छींके आने लगती है. जिसकी वजह से उन्हें काफी दिक्कत होती है. ऐसे में होता है कि काश कोई ऐसा तरीका होता, जिससे मिनटों में इस जुकाम से राहत मिल जाए. आज हम आपको इस आर्टिकल में ऐसी ही कुछ घरेलु नुस्खों के बारे में बताएंगे, जो आपको तुरंत राहत दिला सकते हैं.

### स्टीम लेने से मिलती है राहत

सर्दी-जुकाम होने पर अगर बार-बार छींक आने लगे, तो इससे राहत पाने के लिए रात को सोने से पहले स्टीम जरूर लें. बता दें कि सर्दी के कारण कई बार नाकों में सूजन आ जाती है ऐसे में गर्म पानी का स्टीम लेने पर जुकाम से राहत मिलता है. अगर साइनस में कफ इकट्ठा हो गया है तो इसमें भी काफी आराम मिलता है. स्टीम लेने से पहले गर्म पानी में लौंग, लहसुन की कलियां, नमक डालें. इनमें एंटी बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो आपको सर्दी-जुकाम से राहत दिलाते है. गर्म पानी का भाप लेने से नाक में जमी हुई बलगम बाहर निकल जाती है और आपको काफी आराम मिलता है.

### नमक के पानी से गरारा करें

जुकाम होने पर अगर बार-बार छींके आ रही है, तो नमक के पानी से गरारा करें. इससे आपके गले की सूजन में आराम मिलता है. छींक से राहत पाने के लिए एक कप गर्म पानी में एक चम्मच नमक मिलाकर दिन में दो-तीन बार नमक के पानी का गरारा जरूर करें. इससे आपको जुकाम में काफी आराम मिलेगा.

### शहद और अदरक

जुकाम से छुटकारा पाने के लिए एक अदरक के छोटे से टुकड़े पर शहद मिलाकर चाटने से भी राहत मिलता है. अगर आपको लगातार छींक आ रही हो तो हल्दी वाला दूध पीना चाहिए. इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट सर्दी-जुकाम से राहत दिलाते हैं. साथ ही इससे आपकी इम्यूनिटी स्ट्रांग होती है, जिससे वायरल बीमारियों की चपेट में आने से बचाव हो सकता है.

### पुदीने की चाय का करें सेवन

जुकाम होने पर कुछ भी करने का मन नहीं करता. कई बार इससे लोगों में चिड़चिड़ापन भी होने लगता है. ऐसे में पुदीने की चाय का सेवन करें, इससे अगर आपका नाक ब्लॉक हो गया है तो ये खुल जाएगा और आपको तरोताजा महसूस होगा. इसके लिए एक कप पानी में 3-4 पुदीने की पत्तियां डालें और कुछ समय तक इन्हें उबलने दें. इसके बाद इसे छानकर पी लें.

### बॉडी को रखें हाइड्रेट

जुकाम के दौरान अपने शरीर को हाइड्रेटेड रखना बेहद जरूरी है. इसके लिए अधिक से अधिक मात्रा में पानी, सूप या जूस का सेवन करें. ये बलगम को बाहर निकालने में मदद करता है. कमरे में ह्यूमिडिफायर का इस्तेमाल करने से हवा में नमी बनी रहती है, जिससे आपकी सांस लेने में आसानी होती है और छींकने की समस्या कम होती है.

# आईपीएल के पहले मैच में आज आमने-सामने होंगे केकेआर -आसीबी

मुम्बई (ए)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18 सत्र का पहला मुकाबला गत विजेता कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) और उपविजेता रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के बीच शनिवार को कोलकाता के ईडन गार्डन में खेला जाएगा। इस बार दोनो ही टीमें नये कप्तानों के साथ उतरेंगी। केकेआर की कप्तानी जहां आजिंक्य रहाणे करेंगे, वहीं आरसीबी की कमान रजत पाटीदार संभालेंगे। पिछले साल केकेआर ने जबरदस्त प्रदर्शन कर ट्रॉफी जीती थी। जिसे अब वह बरकरार रखना चाहेगी।दोनों ही टीमों के रिकॉर्ड को देखें तो केकेआर इस मैच में आरसीबी पर भारी पड़ती दिख रही है। इसका कारण है कि केकेआर अपने घरेलू मैदान पर ये मुकाबला खेल रही है जिसका लाभ उसे मिलेगा। रहाणे की कप्तानी वाली केकेआर काफी संतुलित है पर इसके बाद भी उसके लिए जीतना इतना भी आसान नहीं होगा क्योंकि आरसीबी काफी मजबूत टीम है। उसके पास विराट कोहली जैसा अनुभवी बल्लेबाजी है। पिछले साल केकेआर के लिए खेलने वाले फिल सॉल्ट भी इस बार आरसीसी से खेल रहे हैं और वह केकेआर की रणनीति अच्छी तरह से जानते हैं।इसके अलावा आज तक एक बार भी खिताब नहीं जीत पायी आरसीबी इस बार कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेगी। आरसीबी को इस बार अपना सपना पूरा करने के लिए पहले ही मैच से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। वहीं अंतिम ग्यारह की बात करें तो विराट के साथ साल्ट पारी शुरु कर सकते हैं।




वहीं देवदत्त पडिक्कल नंबर तीन पर जबकि पाटीदार नंबर चार पर बल्लेबाजी कर सकते हैं। टीम जितेश शर्मा, क्रुणाल पांड्या और भुवनेश्वर कुमार को भी अंतिम ग्याहर में शामिल कर सकती है। टीम को हालांकि अनुभवी बल्लेबाज फॉफ डूप्लेसी और ग्लेन मैक्सवेल की कमी खलेगी।

रहाणे के लिए इसलिए भी परेशानी है क्योंकि इस बार कोच के तौर पर टीम के पास गौतम गंभीर नहीं हैं। साल्ट के नहीं होने से टीम पारी की शुरुआत सुनील नरेन और क्विंटन डी कॉक से करा सकती है। रहाणे नंबर तीन पर बैटिंग के लिए आ सकते हैं। वेंकटेश अय्यर और रिंकू सिंह की के अलावा टीम को आंद्रे रसेल और रमनदीप सिंह से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। टीम के लिए मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती अंतर पैदा कर सकते हैं। उनके अलावा टीम के पास नरेन जैस स्पिनर भी है जो विरोधी पारी को ध्वस्त करने में सक्षम है। वहीं दूसरी ओर आरसीबी के पास विराट, रजत और देवतत्त जैसे बल्लेबाज हैं। पारी की शुरुआत के लिए उसके पास साल्ट जैसा आक्राम बल्लेबाज हैं। गेंदबाजी की बात करें तो उसके पास जोश हेजलवुड, भुवनेश्वर कुमार जैसे गेंदबाज हैं।

आंकड़ों पर नजर डालें तो केकेआर और आसीबी के बीच अभी तक कुल 34 मैच खेले गए हैं। इसमें से 20 मैचों में केकेआर जीती है जबकि 14 में आरसीबी को जीत मिली है।

**दोनो की संभावित अंतिम ग्यारह**

कोलकाता नाइट राइडर्स : अजिंक्य रहाणे (कप्तान), सुनील नरेन, क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), वेंकटेश अय्यर, अंगकृष रघुवंशी, रिंकू सिंह, आंद्रे रसेल, रमनदीप सिंह, स्पेंसर जॉनसन, वैभव अरोड़ा, हर्षित राणा/वरुण चक्रवर्तीरॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर : रजत पाटीदार (कप्तान),फिलिप साल्ट, विराट कोहली , देवदत्त पडिक्कल, लियाम लिविंगस्टन, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, क्रुणाल पांड्या, भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड, यश दयाल, सुयश शर्मा/रसिक डार सलाम

## आईपीएल 2025 : युवा क्रिकेटरों के लिए एक नई उम्मीद, दिग्गजों ने बताया क्या होगा इस बार का 'की फैक्टर

नई दिल्ली (ए)। आईपीएल 2025 की शुरुआत के साथ ही क्रिकेट की दुनिया में एक नया रोमांच शुरू होने वाला है। इस बार युवा प्रतिभाओं के लिए यह सीजन विशेष है, क्योंकि मेगा ऑक्शन के बाद उन्हें अपनी काबिलियत साबित करने का मौका मिला है। यशस्वी जायसवाल के कोच ज्वाला सिंह और पूर्व क्रिकेटर सरनदीप सिंह ने इस आईपीएल को लेकर समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत की। ज्वाला सिंह ने कहा कि इस आईपीएल में युवा खिलाड़ियों को मौका मिल रहा है, जो मेगा ऑक्शन के बाद पहला आईपीएल है, और इन शुरुआती मैचों में टीमों और खिलाड़ियों के लिए यह बेहद महत्वपूर्ण होंगे। उनका मानना है कि टीम का संयोजन मैदान पर मैच खेलने के बाद ही सही रूप में सामने आएगा। उन्होंने यह भी कहा कि आईपीएल के दौरान खिलाड़ियों के अच्छे और बुरे पल होते हैं, जैसे यशस्वी के चयन के समय और उनकी चोटें। लेकिन हर चुनौती से उबरने के बाद जो खुशी होती है, वह अभूतपूर्व होती है।

# ऋषभ चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करें : रैना

नई दिल्ली (ए)। पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने आईपीएल से ठीक लखनऊ सुपर जायंट्स के नये कप्तान ऋषभ पंत को सलाह दी है कि वह चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करें। रैना का मानना है कि इससे ऋषभ को बेहतर तरीके से पारी समाप्त करने का अवसर मिलेगा। रैना ने कहा कि मुझे लगता है कि यह सत्र ऋषभ के लिए काफी अहम होगा। इसमें बेहतर प्रदर्शन कर वह छोटे प्रारुप के लिए भी भारतीय टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर अपनी दावेदारी मजबूत करना चाहेंगे। रैना ने कहा कि अगर आप उनकी कप्तानी देखेंगे, तो वह काफी



खुशमिजाज और काफी इनोवेटिव हैं। उनमें वह शांति और चतुर नेतृत्व क्षमता जो कप्तानी के लिए जरुरी है। मैं वास्तव में चाहता हूं कि वह तीसरे नंबर पर खेलें। लेकिन उनकी टीम को देखें, उनके पास निकोलस पूरन, डेविड मिलर और एडेन मार्करम हैं जैसे बल्लेबाज है। ऐसे में मुझे लगता है कि वह चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे, क्योंकि तब उनकी बल्लेबाजी लाइन-अप में काफी गहराई होगी। मैं वास्तव में चाहता हूं कि वह चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करें, क्योंकि तब शायद वह टीम के लिए फिनिशर की भूमिका निभा सकेंगे।इस क्रिकेटर को पिछले साल की मेगा नीलामी में लखनऊ ने रिकॉर्ड 27 करोड़ रुपए में खरीदा था। इससे वह आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी बने थे। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने पहले 43 मैचों में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी की थी। रैना को यह भी लगता है कि उनके लिए राह आसान नहीं है। टीम के तेज गेंदबाज मयंक यादव, अवेश खान, आकाश दीप और मोहसिन खान अभी तक फिट नहीं हुए हैं।

## एमसीए ने दिलीप वेंगसरकर, डायना एडुल्जी को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया

मुंबई, (ए)। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने गुरुवार को दिग्गज क्रिकेटर दिलीप वेंगसरकर और डायना एडुल्जी को खेल में उनके असाधारण योगदान के लिए प्रतिष्ठित लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया। वेंगसरकर और एडुल्जी ने न केवल खिलाड़ियों के रूप में बल्कि प्रशासकों के रूप में भी मुंबई और भारतीय क्रिकेट में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्हें मुंबई के बीकेसी में शरद पवार इंडोर क्रिकेट अकादमी और मनोरंजन केंद्र में आयोजित एक शानदार वार्षिक पुरस्कार समारोह में सम्मानित किया गया, जहां एमसीए ने शहर की क्रिकेट एक्सीलेंस का जश्न मनाया और 2022-23 और 2023-24 सत्रों के शीर्ष प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया। महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन और महाराष्ट्र सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी और सांस्कृतिक मामलों के मंत्री आशीष शेलार के साथ-साथ एमसीए के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक और शीर्ष परिषद के सदस्यों की उपस्थिति में पुरस्कार प्रदान किए गए।1983 विश्व कप विजेता टीम के एक प्रमुख सदस्य, वेंगसरकर ने 10 टेस्ट और 18 एकदिवसीय मैचों में भारत की कप्तानी की और बाद में एमसीए के उपाध्यक्ष और बीसीसीआई की चयन समिति के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया।

# सचिन सहित पूर्व क्रिकेटरों को पेंशन दे रही बीसीसीआई

मुम्बई (ए)। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) खेल से संन्यास लेने वाले खिलाड़ियों की देखभाल और उनके योगदान के प्रति सम्मान देने के लिए खिलाड़ियों को पेंशन भी देती है। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर सहित सभी खिलाड़ियों को ये पेंशन दी जाती है। ये पेंशन खिलाड़ियों द्वारा खेले गए टेस्ट मैचों की संख्या पर भी निर्भर करती है। यानी, जितने अधिक टेस्ट मैच खेले गए होंगे, पेंशन उतनी ही ज्यादा होगी। यह योजना क्रिकेटरों की लंबी सेवा और उनके योगदान को सम्मान देने के लिए लागू की गई है।

सचिन को बीसीसीआई की ओर से हर महीने 70,000 रुपये की पेंशन दी जाती है। यह राशि उनकी क्रिकेट यात्रा और उनकी उपलब्धियों को देखते हुए तय की गई है। सचिन के अलावा कई अन्य पूर्व क्रिकेटरों को भी बीसीसीआई की ओर से पेंशन दी जाती है। जैसे कि युवराज सिंह को हर महीने 60,000 रुपये की पेंशन मिलती है, जबकि पूर्व भारतीय क्रिकेटर विनोद कांबली को हर महीने 52 हजार की राशि मिलती है। यह पेंशन योजना उन खिलाडि़यों के लिए एक सम्मान के रूप में देखी जाती है, जिन्होंने अपने करियर में भारत के लिए खेलते हुए अहम योगदान दिया है।

क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद भी बीसीसीआई अपने पूर्व खिलाडि़यों की आर्थिक सुरक्षा तय करने के लिए जारी रखे हुए हैं। इसका कारण है कि कई पूर्व क्रिकेटर आर्थिक तौर पर सक्षम नहीं है।

## आईपीएल में इस बार ओपनिंग करना चाहते हैं नरेन

मुम्बई (ए.)। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के स्टार खिलाड़ी सुनील नरेन ने कहा है कि वह इस सत्र में पारी की शुरुआत करना चाहते हैं। नरेन टीम में गेंदबाज के तौर पर काफी पहले से जुड़े थे पर वह अपनी आक्रामक बल्लेबाजी को लेकर भी चर्चाओं में रहते हैं। रहस्यमी गेंदबाज के तौर पर चर्चित नरेन ने कई आक्रामक पारियां भी खेली हैं। गौतम गंभीर के कोच रहते नरेन लगातार पारी शुरु करते रहे हैं। आईपीएल में सुनील नरेन ने बतौर ओपनर 180 की स्ट्राइक रेट से 488 रन बनाए हैं। नरेन ने संकेत दिए कि वह इस सत्र में पारी शुरु करना चाहेंगे। आईपीएल 2024 तक नरेन टीम के लिए पिंच हिटर की भूमिका निभाते रहे हैं पर गंभीर के कार्यकाल में नरेन ने फिल साल्ट के साथ कई यादगार पारियां खेली हैं। नरेन ने कहा कि मैं अपनी टीम की जरूरत और हालात के मुताबिक खेलने को तैयार हूं पर मुझे बतौर ओपनर के तौर पर खेलना काफी पसंद है।

# शुभमन बोले, कप्तानी को बल्लेबाजी से मिलाना ठीक नहीं




नई दिल्ली (ए)। गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने कहा है कि कप्तानी में सफलता के लिए इसके साथ बल्लेबाजी को कभी भी मिलाना नहीं चाहिये। इन्हें अलग रखना ही टीम के लिए फायदेमंद रहता है। शुभमन के अनुसार अगर आप कप्तानी और बल्लेबाजी को मिला देते हैं तो वह नुकसानदेह साबित होता है। शुभमन पिछले सत्र में ही हार्दिक पांड्या की जगह गुजरात टाइटंस के कप्तान बने। इस युवा कप्तान ने अभ्यास सत्र से पहले कहा, ''कप्तानी और बल्लेबाजी को जितना अलग रखेंगे, उतना ही अच्छा है। मेरा अनुभव यही है कि अगर मैं बल्लेबाजी करने जा रहा हूं तो बल्लेबाजी पर ही ध्यान दूं। उस समय एक बल्लेबाज के तौर पर जो फैसले मैं लेता हूं, वह मेरे लिए सर्वश्रेष्ठ होते हैं। वहीं, जब हम फील्डिंग कर रहे होते हैं तब मैं कप्तानी से ज्यादा जुड़ता हूं। बल्लेबाजी करते समय बल्लेबाज के रूप में रहना ही मेरे लिए अच्छा है।''उन्होंने साथ ही कहा, ''बतौर कप्तान आप प्रतिदिन कुछ नया सीखते हैं, खिलाड़ियों के बारे में या अपने बारे में। अच्छा कप्तान बनने के लिए इन चीजों पर काम करना जरूरी है।'' शुभमन ने 2023 सीजन के दौरान 890 रन बनाए थे, लेकिन अगले सीजन जब वे कप्तान बने तो उनके रनों की संख्या आधे से ज्यादा घटकर 426 रन रह गई थी। यहां तक कि स्ट्राइक रेट भी 157.70 से घटकर 147.40 रह गया था। टीम की हालत भी अच्छी नहीं रही थी और वह प्लेऑफ की दौड़ से भी दूर रही थी। गिल ने क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी और मुख्य कोच आशीष नेहरा को रणनीतिक मामलों में उनकी सहायता करने के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि इनके अनुभवों से मुझे काफी कुछ सीखने को मिला है।

## विदेश समाचार

# रुस के परमाणु एयरबेस पर यूक्रेन ने किया बड़ा हमला

## -हमले की चपेट में आए परमाणु बम वर्षक विमान



मास्को,(ए)। रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध में एक बड़ा मोड़ आ गया है। यूक्रेनी सेना ने रूस के एंगेल्स एयरबेस पर हमला कर उसे बुरी तरह तबाह कर दिया। यह वही एयरबेस है, जहां से रूस के परमाणु हमले के लिए तैयार किए गए बमवर्षक विमान संचालित होते थे। इस हमले को यूक्रेन का अब तक का सबसे घातक हमला बताया जा रहा है। रूसी मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सोवियत युग के एंगेल्स एयरबेस पर हुए इस हमले के बाद धमाकों की गूंज दूर-दूर तक सुनाई दी। बताया जा रहा है कि हमला इतना जबरदस्त था कि वहां मौजूद टुपोलेव टीयू-160 परमाणु बमवर्षक विमान भी इसकी चपेट में आ गए। इन विमानों को व्हाइट स्वान के नाम से भी जाना जाता है। हमले का एक वीडियो भी वायरल हुआ है, जिसमें देखा जा सकता है कि धमाकों के बाद आसमान में आग के ऊंचे गुबार उठे और चारों ओर तबाही का मंजर नजर आया। इस हमले में 10 से अधिक लोगों के घायल होने की खबर है, जबकि रूस ने अभी तक हताहतों की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

### यूक्रेन ने कर दी हमले की पुष्टि

यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय ने इस हमले की पुष्टि की और कहा, कि उसकी फोर्स ने रूस के कई रणनीतिक ठिकानों को निशाना बनाया है। मंत्रालय ने कहा, हमारी एयरस्ट्राइक में रूस के सामरिक बमवर्षक विमानों को भारी नुकसान पहुंचा है।

### रुस ने ड्राने मारे

दूसरी ओर, रूस के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि उसकी वायुसेना ने इस हमले का जवाब देते हुए 132 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए हैं। रूस ने यह भी कहा कि वह इस हमले का बदला लेने के लिए सख्त कदम उठाएगा।

### युद्धविराम के प्रस्ताव के बाद हमला

यह हमला ऐसे समय में हुआ जबकि हाल ही में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 30 दिन के बिना शर्त युद्धविराम के प्रस्ताव को ठुकरा दिया था। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने यूरोपीय यूनियन के नेताओं से वीडियो कॉल पर बातचीत करते हुए कहा कि हमें तुरंत 4.18 बिलियन पाउंड के तोपों के गोले चाहिए। इसी के साथ जेलेंस्की ने यूरोपीय नेताओं से आग्रह किया है कि रूस पर दबाव कम न किया जाए और प्रतिबंधों को जारी रखा जाए। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ भी बातचीत की और यूरोपीय यूनियन से पूर्ण युद्धविराम के लिए समर्थन मांगा।

### ब्रिटेन का यूक्रेन को समर्थन

इस बीच, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि हम हर हाल में यूक्रेन की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। यूरोप के अन्य नेताओं ने भी इस हमले के बाद यूक्रेन को सैन्य और आर्थिक मदद देने की बात कही है। विशेषज्ञों का कहना है कि यूक्रेन द्वारा रूस के परमाणु एयरबेस पर किया गया

## बांग्लादेश : हिंदू विरोधी टिप्पणी के खिलाफ ढाका यूनिवर्सिटी में छात्रों का प्रदर्शन

ढाका (आरएनएस)। ढाका यूनिवर्सिटी के छात्रों के एक समूह ने हिन्दू स्टूडेंट्स ऑफ ढाका यूनिवर्सिटी और बांग्लादेश यूनाइटेड सनातनी अवेकनिंग अलायंस के बैनर तले शुक्रवार को प्रदर्शन किया।

स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, स्टूडेंट्स ने सोशल मीडिया पर एक साथी छात्र की ओर से हिंदू धर्म और एक देवता के बारे में की गई अपमानजनक टिप्पणी के खिलाफ विरोध किया। बताया जा रहा है कि आरोपी छात्र इस तरह की टिप्पणियां कई बार कर चुका है।

छात्रों ने आरोपी को निलंबित करने और उसके लिए कड़ी सजा की मांग की। उन्होंने भविष्य में यूनिवर्सिटी से सनातन धर्म की गलत व्याख्या को रोकने के लिए संस्थागत उपाय करने की अपील की।

बांग्लादेश के प्रमुख समाचार पत्र द डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार, प्रदर्शनकारी छात्रों ने साहित्यिक विश्लेषण कक्षाओं के दौरान शिक्षकों को हिंदू धर्म की गलत व्याख्या करने से रोकना और यूनिवर्सिटी के ढाका बिस्सोबिद्दलॉय शिक्षार्थी संसद फेसबुक ग्रुप पर अल्पसंख्यकों को लक्षित करने वाली अपमानजनक पोस्टों के खिलाफ कार्रवाई करना शामिल है।

बांग्लादेश के प्रमुख समाचार पत्र ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, कुछ प्रदर्शनकारियों ने अपना गुस्सा जाहिर करते हुए कहा कि उनके धार्मिक मूल्यों का सम्मान नहीं किया जाता है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब अल्पसंख्यक धर्मों का अपमान किया जाता है तो कोई कदम क्यों नहीं उठाया जाता।

बांग्लादेश में विभिन्न अधिकार समूहों, प्रतिष्ठित नागरिकों और सामाजिक-सांस्कृतिक संगठनों ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को पद से हटाए जाने के बाद देश के विभिन्न हिस्सों में विशेष रूप से हिंदुओं को निशाना बनाकर की गई हिंसा की निंदा की है।

ढाका स्थित मानवाधिकार संगठन ऐन ओ सलिश केंद्र (एएसके) की एक रिपोर्ट के अनुसार, देश भर में हिंदू समुदाय के घरों, मंदिरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ की कुल 147 घटनाएं होने की खबरें हैं। इन घटनाओं में करीब 408 घरों में तोड़फोड़ की गई

## किडनी रोग से पीड़ित कुत्तों के लिए नई दवा का सफल परीक्षण

यरुशलम(आरएनएस)। इजरायल के वैज्ञानिकों ने कुत्तों में क्रॉनिक किडनी डिजीज (सीकेडी) के संभावित इलाज का सफल परीक्षण किया है। यह अध्ययन जर्नल ऑफ वेटरनरी इंटरनल मेडिसिन में प्रकाशित हुआ है और इसमें विटामिन डी के सिंथेटिक रूप पैरिकल्सिटॉल के प्रभावों की जांच की गई।

हिब्रू यूनिवर्सिटी ऑफ यरुशलम के शोधकर्ताओं ने इस दवा को किडनी रोग से जुड़े दो प्रमुख जटिलताओं ङ्क रेनल सेकेंडरी हाइपरपैराथायरायडिज्म (आरएचपीटी) और प्रोटीन्यूरिया (यूरीन में अत्यधिक प्रोटीन) पर परखा।

## नासा ने शुरु किया एक और बोइंग स्टारलाइनर परीक्षण उड़ान, इस बार चालक दल रहित होगा मिशन

वाशिंगटन,(आरएनएस)। नासा ने हाल ही में सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर की सफल वापसी के बाद अपने आगामी मिशन पर काम शुरू कर दिया है। इस बार बोइंग स्टारलाइनर का परीक्षण उड़ान चालक दल रहित भरी जाएगी। पिछले चालक दल वाले मिशन को कैप्सूल संबंधी समस्याओं के कारण आठ दिनों से बढ़ाकर नौ महीने तक कर दिया गया था, जिससे एजेंसी ने भविष्य में प्रक्षेपण की प्रक्रिया में सुधार के लिए नए कदम उठाने का निर्णय लिया है।

स्पेसएक्स के ड्रैगन फ्रीडम द्वारा सफल स्प्लैशडाउन के बाद, नासा ने स्टारलाइनर के अगले परीक्षण उड़ान की रणनीति पर काम शुरू कर दिया है। वाणिज्यिक चालक दल कार्यक्रम प्रबंधक स्टीव स्टिच के अनुसार, यह उड़ान बिना चालक दल के होगी। इस परीक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि भविष्य में चालक दल वाले मिशनों के लिए यान की विश्वसनीयता बनी रहे।

## अमेरिकी सरकार के शिक्षा विभाग पर लगा ताला, ट्रंप ने जारी किया कार्यकारी आदेश

वाशिंगटन ,(आरएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शिक्षा विभाग को औपचारिक रूप से समाप्त करने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने कहा कि उनका प्रशासन शिक्षा को राज्यों को वापस लौटा रहा है।

ट्रंप ने गुरुवार को व्हाइट हाउस में दिए भाषण में कहा, मूलभूत जरुरतों से परे, मेरा प्रशासन विभाग को बंद करने के लिए सभी वैध कदम उठाएगा। राष्ट्रपति ने कहा, हम इसे बंद करने जा रहे हैं और जितनी जल्दी हो सके बंद कर देंगे। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप ने अमेरिकी प्राथमिक, मध्य और उच्च विद्यालयों में छात्रों के बीच पढ़ने और गणित में कम दक्षता का हवाला देते हुए कहा कि शिक्षा विभाग 'हमारे लिए कोई अच्छा काम नहीं कर रहा है।' उन्होंने कहा कि हमारा प्रशासन शिक्षा को राज्यों में वापस दे रहा है।अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि विभाग के कार्य जैसे पेल ग्रांट, टाइटल ह्व, विकलांग और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए वित्तपोषण संसाधन, 'पूरी तरह संरक्षित' रहेंगे और 'विभिन्न अन्य एजेंसियों और विभागों में पुनर्वितरित' किए जाएंगे। पेल ग्रांट संघीय वित्तीय सहायता का एक रूप है जो कम आय वाले स्नातक छात्रों को कॉलेज की फीस भरने में मदद करता है। 'टाइटल ह्व' के तहत स्कूल जिलों और उन स्कूलों को संघीय फंड प्रदान की जाती जिनमें कम आय वाले परिवारों के छात्र उच्च प्रतिशत में पढ़ते हैं।

# पाकिस्तान : क्वेटा के अस्पताल में घुसे प्रदर्शनकारी, ट्रेन हाइजैक करने वाले आतंकियों के शव लेकर भागे

इस्लामाबाद(आरएनएस)। बलूचिस्तान की प्रांतीय राजधानी क्वेटा के सिविल अस्पताल में बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी घुस गए और कई शवों को अपने साथ लेकर भाग गए। माना जा रहा है कि ये शव बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के आतंकवादियों के हैं, जिन्होंने हाल ही में बोलन में जाफर एक्सप्रेस यात्री ट्रेन पर हमला किया था। सिविल अस्पताल के बाहर यह प्रदर्शन विवादास्पद बलूच अधिकार कार्यकर्ता महरंग बलूच के नेतृत्व वाले संगठन बलूच यकजेहती कमेटी (बीवाईसी) ने किया था।प्रदर्शन में लापता व्यक्तियों के परिवार के सदस्य अधिकारियों से शवों की पहचान करने की अनुमति देने की मांग कर रहे थे। अस्पताल के अधिकारियों ने कहा कि प्रदर्शनकारी जबरन मुर्दाघर में घुसने में सफल रहे और कम से कम पांच शवों को अपने साथ ले गए। हालांकि यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि लापता व्यक्तियों के रिश्तेदारों ने शवों को लेने से पहले उनकी पहचान की या नहीं। स्थानीय अधिकारियों ने पुष्टि की है कि वे शव जाफर एक्सप्रेस पैसेंजर ट्रेन के हमलावरों के थे और प्रतिबंधित बीएलए उग्रवादी समूह से संबंधित थे।




प्रांतीय सरकार के एक अधिकारी ने कहा, जो लाशें ले जाई गईं, वे उन आतंकवादियों की अज्ञात लाशें थीं, जो जाफर एक्सप्रेस पर हमले के बाद सैन्य अभियान में मारे गए थे। इन रिपोर्टों की पुष्टि बीवाईसी कार्यकर्ताओं ने भी की, जिन्होंने कहा कि कुछ प्रदर्शनकारी अस्पताल के मुर्दाघर से कई शव अपने साथ ले गए। उन्होंने दावा किया कि लापता व्यक्तियों के परिवार अपने प्रियजनों की पहचान करने के लिए अस्पताल में इक्ट्ठा हुए थे। बीवाईसी के एक सदस्य ने कहा, हम लापता लोगों के परिवार के सदस्यों को यह विश्वास दिलाने के लिए दो दिनों से शवगृह तक पहुंचने की कोशिश कर रहे थे कि वहां रखे शव उनके प्रियजनों के नहीं हैं। पुलिस अधिकारियों ने क्वेटा के विभिन्न हिस्सों में छापेमारी की, जिसमें कम से कम तीन शव बरामद हुए। सूत्रों के अनुसार, सरियाब रोड और सचिवालय चौक में छापेमारी की गई और कई लोगों को हिरासत में भी लिया गया। सूत्रों ने बताया कि बलूचिस्तान में लापता लोगों के मुद्दे का इस्तेमाल कर देश के सैन्य प्रतिष्ठान और सरकारी नीतियों को निशाना बनाने के मामले में बीवाईसी और उसके प्रमुख महरंग बलूच की भूमिका की जांच की जा रही है। इन पर बीएलए के साथ गठबंधन करने का आरोप है।

# स्कूल की प्रधानाध्यापक ने स्वयं तथा स्टॉफ के सहयोग से स्कूल को किया सुसज्जित

## शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने कूड़े के स्थान पर बनाई पोषण वाटिका
## जिला पंचायत सीईओ ने की कार्य की सराहना



सीहोर( निप्र)। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना (एमडीएम) के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन द्वारा सप्ताह के प्रति गुरुवार को योजना से संबंधित सभी गतिविधियों की समीक्षा की जा रही है। जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन द्वारा विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला परियोजना समन्वयक एसएसए, जिले के सभी विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक, योजना प्रभारी बीएसी, जनपद पंचायतो के योजना प्रभारी तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले शाला प्रभारियो से चर्चा कर दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं। जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने बताया कि इछावर विकासखण्ड स्थित शासकीय माध्यमिक शाला लसुडियाकांगर की प्रधानाध्यापक श्रीमती सोनिका जायसवाल ने स्कूल के सहयोगी स्टाफ तथा विद्यार्थियों के साथ मिलकर शाला भवन को सुसज्जित किया तथा बिना शासन की राशि के भवन की साज-सज्जा (पेंटिंग कार्य), बिजली फिटिंग, शाला भवन मे पानी सप्लाई के लिए मोटर लगाने के साथ ही पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत पोषण वाटिका का निर्माण कराया। जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने इस कार्य की सराहना करते हुए श्रीमती जायसवाल, स्कूल स्टॉफ एवं विद्यार्थियों को बधाई दी है।

### कूडे के स्थान पर बनाई पोषण वाटिका

जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने बताया कि जिले के ग्राम महुआखेडा (तकीपुर) में पदस्थ शिक्षक सतीश त्यागी, उनके सहयोगी स्टाफ एवं शाला के विद्यार्थियों एवं रसोईयों द्वारा ऐसा ही एक सराहनीय कार्य किया गया है। पीएम पोषण शाक्ति निर्माण के तहत भोजन में उपयोगी सब्जी ताजी एंव कीटनाशक मुक्त मिले, इसके लिए उन्होंने कूडे के स्थान पर पोषण बाटिका का निर्माण किया। जिससे ताजी एवं हरी सब्जियां उत्पादित हो रही हैं। जो शासकीय माध्यमिक शाला बंद होने की कगार पर था, शिक्षकों के प्रयास से स्कूल में अब विद्यार्थियों की संख्या 105 हो गई है। जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने इस कार्य की सराहना करते हुए श्रीमती जायसवाल, स्कूल स्टॉफ एवं विद्यार्थियों को बधाई दी है।

## विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस के रूप में मनाया जाता है 21 मार्च

सीहोर(निप्र)। शासन के निर्देशानुसार 21 मार्च को विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस के रूप में मनाया गया। सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया ने बताया कि डाउन सिन्ड्रोम एक अनुवांशिक स्थिति हैं जो गुणसूत्र 21 की अतिरिक्त प्रति उपस्थिति के कारण होती हैं। इसमें शारीरिक विशेषताओं एवं स्वास्थ्य की स्थिति संज्ञानात्मक देरी अलग-अलग डिग्री में प्रकट होती हैं। उन्होने बताया की डाउन सिन्ड्रोम में विभिन्न लक्षण होते हैं जैसे मांस पेशियों के टोन में कमी, छोटी व चपटी नाक, छोटे हाथ पांव व छोटा कद, ऊपर की ओर झुकी हुई आंखें, छोटी गर्दन व छोटे कान, सामान्य से अलग लचीले जोड़, अंगूठे एवं उंगली की दूरी अधिक होना, मुंह से जीभ बाहर निकलना आदि शामिल हैं। सीएमएचओं ने आमजन से अपील की हैं कि इस प्रकार के व्यक्ति यदि उनके आसपास चिन्हांकित होते हैं तो उनकी आवश्यकता अनुसार सहायता करने का संकल्प लें, ताकि वह सशक्त बने।




# विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के तहत कार्यक्रम आयोजित

सीहोर,(निप्र)। जिला पंचायत सभाकक्ष में विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर खाद्य विभाग, नापतौल विभाग, एलआईसी बीमा कम्पनी, सहकारिता विभाग, बिजली विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों एवं जागरूक करने संबंधी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला उपभोक्ता आयोग के सदस्य सोमेन्द्र सक्सेना द्वारा उपभोक्ताओं की समस्याओं के निराकरण के संबंध में जानकारी दी गयी। इस दौरान शैलेश पटेल, प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी सुनील बोहित, आपूर्ति अधिकारी प्रकाश सिंह यादव, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आकाश चंदेल कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं उपभोक्ता उपस्थित थे।

# जैविक खेती मानव जीवन का मूलभूत आधार

### सीहोर के ग्राम बनियागाव किसान संगोष्ठी का सफलतापूर्वक आयोजन




सीहोर( निप्र)। आज के युग में हम अपने लिए जहर उगा रहे तरह-तरह की रासायनिक खादों, जहरीले कीटनाशकों का उपयोग पारिस्थितिकी तंत्र जैसे - प्रकृति के जैविक और अजैविक पदार्थों के बीच आदान-प्रदान के चक्र को प्रभावित करता है, जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति खराब हो जाती है, साथ ही वातावरण प्रदूषित होता है तथा मनुष्य के स्वास्थ्य में गिरावट आती है।

कृषि को बचाने और आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ रखने के लिए किसानों को रासायनिक खाद दूरी बनाकर जैविक खेती करना होगा। रासायनिक खादों का उपयोग करने से शरीर की ऊर्जा और मानव का लंबा जीवन खत्म होते जा रहा है। इसलिए पारम्परिक खेती के साथ जैविक खेती के साथ गौवंश , प्रकृति की रक्षा करना जरूरी है। प्रकृति को बचाने के लिए हमें हर संभव प्रयास करना पड़ेगा क्योंकि बिना प्रकृति के हम जीवित नहीं रह सकते यह बात शिवशक्ति ग्रुप ऑफ कंपनी की तरफ से वरिष्ठ कृषि अधिकारी सुनील मीणा और अखिलेश मीणा ने बनियागाव में आयोजित जैविक खेती की पाठशाला कार्यक्रम के दौरान गाँव-गाँव जाकर किसानों को संबोधित करते हुए कही।

# नरवाई जलाने पर 2 हजार 500 से 15 हजार रुपये तक जुर्माना देना होगा

### नरवाई जलाने से खेत के प्राकृतिक रुप से पाये जाने वाले लाभकारी सूक्ष्म जीवाणु नष्ट होते है



सीहोर( निप्र)। जिला सीहोर के राजस्व सीमा में रबी मौसम की फसल (गेहूँ, चना, मंसूर) की कटाई के पश्चात बहुसंख्यक कृषकों द्वारा अपनी सुविधा के लिए खेत में आग लगाकर गेहूँ, चना, मंसूर के डंठलों को नष्ट कर खेत साफ किया जाता है। जिससे आग लगाने से हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है, जिससे पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इसे नरवाई में आग लगाने की प्रथा के नाम से भी जाना जाता है। जिला दण्डाधिकारी बालागुरु के. ने नरवाई में आग लाने से हानिकारक गैसों का उत्सर्जन, पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने एवं जनहित को दूषित रखते हुये नरवाई में आग लगाने पर प्रतिबंध किया जाता है। जिला दण्डाधिकारी बालागुरु के. ने गत दिवस आदेश जारी कर नरवाई में आग लगाना कृषि के लिए नुकसान दायक होने के साथ ही पर्यावरण की दृष्टि से भी हानिकारक है। इसके कारण विगत वर्षो में गंभीर स्वरूप अग्नि दुर्घटनाऐं घटित हुई तथा व्यापक संपत्ति की हानि हुई है तथा बढ़ते जल संकट में इससे बढ़ोत्री तो होती है साथ ही कानून, व्यवसाथा के लिये भी विपरीत स्थितियां निर्मित होती है। नरवाई जलाने से प्रथम दृष्टया नुकसान होने से जनहित में इस पर रोक लगाई जाना आवश्यक है। जिला दण्डाधिकारी बालागुरु के. ने आदेश जारी निर्देश दिये है कि खेत की आग के अनियंत्रित होने पर जनसंपत्ति व प्राकृतिक वनस्पति, जीवजन्तु आदि नष्ट हो जाते है, जिससे व्यापक नुकसान होता है।

## चना मसूर की खरीदी 25 मार्च से होगी प्रारम्भ

सीहोर (निप्र)। शासन के निर्देशानुसार समर्थन मूल्य पर चना एवं मसूर की खरीदी 25 मार्च से 31 मई 2025 तक की जायेगी। जिन किसानों ने चना एवं मसूर उपज का पंजीयन कराया है, वह स्लॉट बुकिंग कर चयनित स्लॉट की समय अवधि के अनुसार उपार्जन केन्द्रों पर सोमवार से शुक्रवार प्रातः 08:00 बजे से शाम 08:00 बजे तक अपनी उपज विक्रय के लिए लेकर आ सकते हैं। किसानों से उपज की खरीदी चयनित स्लॉट में प्रदर्शित अधिकतम उपज मात्रा के अनुसार ही की जाएगी तथा स्लॉट की समयावधि समाप्त के बाद उपज की खरीदी नहीं की जायेगी। किसानों से उपार्जित फसल का भुगतान उनके आधार नम्बर से लिंक बैंक खाते में सीधे किया जायेगा। इसलिए सभी किसान अपने आधार नम्बर से बैंक खाता तथा मोबाईल नम्बर लिंक कराकर उसे अपडेट रखें ताकि भविष्य में असुविधा न हो।

## भाजपा नगर मंडल के तत्वाधान में विधायक कप सीहोर क्रिकेट प्रतियोगिता 23 मार्च से

### प्रतियोगिता में शामिल की जाएगी 32 टीमें, विजेता टीम को मिलेगी 51 हजार की नगद राशि

सीहोर( निप्र)। शहर सहित आस-पास के खिलाडियों को मंच देने के लिए भाजपा नगर मंडल सीहोर के तत्वाधान में रविवार से शहर के भोपाल नाका स्थित पीजी कालेज में विधायक कप सीहोर क्रिकेट प्रतियोगिता का रविवार को शुभारंभ किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए भाजपा नगर मंडल के अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने बताया कि प्रतियोगिता की सफलता के लिए विधायक सुदेश राय के निर्देश पर आयोजन समिति का गठन किया गया है। जिसमें आयोजक जितेन्द्र यादव, कमलेश कुशवाहा और महेन्द्र मेवाढा सहित अन्य को शामिल किया गया है। रविवार से होने वाले भोपाल नाका स्थित पीजी कालेज में विधायक कप सीहोर क्रिकेट प्रतियोगिता में करीब शहर सहित आस-पास की करीब 32 टीमों को शामिल किया गया है। प्रतियोगिता का प्रत्येक मैच 8-8 ओवर के होंगे, वहीं सेमीफाइनल और फाइनल मैच 10-10 ओवर के रहेंगे। प्रतियोगिता में शामिल होने वाले आयोजक श्री यादव से संपर्क कर जानकारी ले सकते है। प्रतियोगिता के प्रथम पुरस्कार 51 हजार और उप विजेता को 21 हजार के अलावा ट्राफी प्रदान की जाएगी।

# जेडी ,डीईओ,बीईओ ,बीआरसी सहित 230 प्राचार्यों व शिक्षकों ने पुष्प वर्षा कर किया शिक्षा रथ रवाना




सीहोर( निप्र)। शासकीय स्कूलों में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा एवं सुविधाओं बढ़ाने के साथ ही प्रांतीय शिक्षक संघ की अभिनव पहल शिक्षा रथ आज से प्रारंभ होकर सीहोर जिले के विभिन्न ग्रामों में जाएगा। इस शिक्षा रथ में विभिन्न शासकीय योजनाओं के विषय में बताया गया है। साथ ही ऑडियो के माध्यम से भी नामांकन बढ़ाने हेतु प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। यह विद्यार्थी नामांकन वृद्धि शिक्षा रथ सीहोर नगर के साथ जिले के 101 ग्रामों में पहुंचेगा। शिक्षा रथ के माध्यम से शासकीय स्कूल की विशेषताएं लोगों तक पहुंचाई जा रही हैं। इसके साथ ही 10000 पंपलेट के माध्यम से प्रांतीय शिक्षक संघ के पदाधिकारी एवं स्कूल स्टाफ घर-घर जाकर संपर्क कर रहे हैं और पालकों को सरकारी स्कूल में शिक्षा की महत्वता को समझाते हुए बच्चों को शासकीय स्कूल में प्रवेश दिलाये जाने की बात कही। साथ ही शासकीय स्कूलों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली योजनाओं बारे में भी पालकों को अवगत कराया गया। शासकीय स्कूलों में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा व सुविधाओं के साथ ही शासन की योजनाओं को लाभ छात्र-छात्राओं को मिले इन्हीं उद्देश्यों के साथ छात्र संख्या वृद्धि करने हेतु शिक्षा रथ को जेडी अरविंद चौरावढ़े ने आवासीय विद्यालय से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस अवसर जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर, सहायक संचालक सलोनी शर्मा, डीपीसी आर.आर. उइके,सीहोर बीइओ दीपा कीर, आवासीय प्राचार्य आलोक शर्मा, सीहोर बीआरसी अशोक वर्मा, आष्टा बीआरसी अजब सिंह, बुधनी बीआरसी मणिशंकर शर्मा,भेरुदा बीआरसी, संकुल प्राचार्य, कार्यकारी महासचिव सतीश त्यागी, ,जिलाध्यक्ष संजय सक्सेना, प्रान्तीय मीडिया प्रभारी प्रदीप नागिया, बलराम पंवार, अताउल्ला खान,राजेन्द्र परमार, हेमलता सेंगर, अमिता आहूजा,मनोज व्यास, सुरेंद्र यादव, गेंदराज विश्वकर्मा, जीतेंद्र कर्मोदिया,दिनेश शर्मा,योगिता लोधी,हेमंत मालवीय, महेंद्र बाथम,नरेश मेवाड़ा, नरेश गुर्जर, आशीष शर्मा, चन्दर वर्मा, महेंद्र वर्मा, श्याम प्रजापति,कमल वर्मा,राजेश चौहान,धर्मेंद्र मालवीय, विजय बजाज,विनोद सैनी, राजेंद्र देवलिया, संतोष शर्मा,दिनेश मेवाड़ा मौजूद थे।

## ओरल हेल्थ की जांच एवं जागरुकता के लिए चलाया जा रहा है विशेष अभियान



सीहोर(निप्र)। शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा विश्व ओरल स्वास्थ्य दिवस के तहत ओरल हेल्थ की जांच एवं जागरूकता के लिए 20 मार्च से 30 मार्च तक 10 दिवसीय विशेष आभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थानों में आने वाले मरीजों की दांतों से संबंधित बीमारियों की जांच की जा रही है तथा उन्हें इस बीमारियों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही स्कूलों, कॉलेजों, आंगनबाडी, वृद्धाश्रम सहित विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित कर जांच की जा रही है तथा आमजन को दांतों की बीमारियों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में विश्व ओरल हेल्थ दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय में सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई एवं सिग्नेचर कैंपेन आयोजित किया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ प्रवीर गुप्ता ने आमजनों को ओरल हेल्थ से संबंधित बीमारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## अश्वगंधा संबंधी जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

सीहोर (निप्र)। शासन के निर्देशानुसार जिले के आयुष विभाग द्वारा अश्वगंधा कैंपेन के तहत सीहोर स्थित फैकल्टी ऑफ आयुर्वेद कॉलेज में अश्वगधा संबंधी जागरूकता कार्यक्रम एवं सेमिनार आयोजित किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में अश्वगंधा के पौधे के लाभ एवं औषधीय महत्व के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही अश्वगंधा की खेती के बारे में भी विस्तार से बताया गया तथा अश्वगंधा लघु वीडियो द्वारा अश्वगंधा की खेती के बारे में किसानों को विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में किसानों, छात्रों एवं अन्य स्टाफ के सदस्यों को अश्वगंधा के पौधे भी वितरित किये गये। इस अवसर पर भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के उपरांत विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर जिला आयुष अधिकारी अधिकारी डॉ नरेन्द्र सिंह लोधी, प्राचार्य डॉ श्रीकांत पटेल सहित अन्य अधिकारी, विशेषज्ञ, विद्यार्थी, किसान एवं शिक्षक उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिकों पर स्वास्थ्य मेले आयोजित



सीहोर( निप्र)। सीहोर स्थित मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिकों में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य में मेले में मरीजों की जांच एवं स्क्रीनिंग की गई तथा उपचार प्रदान किया गया। सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया ने बताया कि प्रत्येक माह की 14 एवं 21 तारीख को शहर के लेबर कॉलोनी, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी एवं गल्ला मंडी सहित सभी मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिकों पर स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाता है। जिसमें मरीजों जांच, स्क्रीनिंग एवं उपचार प्रदान किया जाता है।

## महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय सीहोर में जनसामान्य हेतु प्रोजेक्ट कोड कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रारंभ

सीहोर(निप्र)। कार्यालय आयुक्त तकनीकी शिक्षा भोपाल के आदेशानुसार शासकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, सीहोर में 01 अप्रैल 2025 से जनसामान्य हेतु प्रोजेक्ट कोड कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रारंभ हो रहा है। जिसमें उपलब्ध कम्प्यूटर संसाधनों तथा इंटरनेट सुविधाओं तक जनसामान्य की पहुंच को सुगम बनाने के लिए एक ऐसे ही ढांचे को अंतर्गत सक्षम करने का प्रयास किया जा रहा है। जिसमें तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास संस्थानों के पास उपलब्ध कम्प्यूटर संसाधनों को कामकाजी घंटों के अतिरिक्त कम्प्यूटर से संबंधित शिक्षा प्राप्त करने जनसामान्य के उपयोग के लिए उपलब्ध करवाया जा सकें। इस हेतु तकनीकी शिक्षा के निर्देशानुसार शासकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, सीहोर में प्रोजेक्ट कोड का 01 अप्रैल 2025 से प्रारंभ होना है। इस हेतु जो भी व्यक्ति कम्प्यूटर से संबंधित ज्ञान अर्जित करना चाहते है, वे महाविद्यालय के कार्यालयीन समय प्रातः 10:30 से 05 बजे तक दिनांक 31/03/2025 तक अपना पंजीयन कराकर प्रत्येक सप्ताह के शुक्रवार एवं शनिवार को समय दोपहर 03 से 05 बजे तक संबंधित कम्प्यूटर विषय में महाविद्यालय के संसाधनों का उपयोग कर सकेंगे। पंजीयन एवं प्रोजेक्ट कोड कार्यक्रम योजना से संबंधित जानकारी के लिए नोडल अधिकारी विभागाध्यक्ष सीएसई इंजी0 विश्वास बगवैया मोबाइल नंबर 9827220431 एवं प्राचार्य डी0आर0 वर्मा मोबाइल नंबर 9826944591 से या महाविद्यालय में आकर सम्पर्क कर सकते है।


## कार्यालय कलेक्टर ( खनिज ) जिला सीहोर ( म.प्र. )

E-mail-modgmseh@mp.gov.in

क्रमांक/1173/ खनिज/2025, सीहोर, दिनाँक 18.03.2025

**मध्य प्रदेश गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 ( 1-क ) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा अनुज्ञप्ति ( जो भी लागू हो ) प्राप्त करने के लिए,**

**प्रथम सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक कुलदीप मेहरा आ. श्री शिवप्रसाद मेहरा निवासी भादाकुई तह. भैरूदा जिला सीहोर के द्वारा के द्वारा उत्खनिपटटा अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 35541 दिनांक 14.01.2025 को प्रस्तुत किये गये है। विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तिथी से 30 दिवस तक इस क्षेत्र पर यथा स्थिति उत्खनिपट्टा अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला. | तहसील | ग्राम | खसरा नम्बर | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय/ निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सीहोर | भैरूदा | सेमलपानी कदीम | 417 | 11.1780 हे. | शासकीय भूमि | मुरूम | सम्पूर्ण क्षेत्र में से 3.000 हेक्टयर क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत किया गया। |
| | | | कुल रकबा | 11.1780 हे. | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इक्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करनें की अंतिम तिथी तक (कार्यालयीन समय सांय 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सथी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

उप संचालक
( खनिज प्रशासन )
जिला-सीहोर ( म.प्र. )

जी/24590/24

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com